भूमि उपयोग	1991 में क्षेत्रफल वर्ग किमी	2001 में क्षेत्रफल वर्ग किमी	2011 में क्षेत्रफल वर्ग किमी	2021 में क्षेत्रफल वर्ग किमी
कृषि भूमि	442.64	409.16	367.83	270.58
निर्माण क्षेत्र	15.8	66	132.42	274.62
जलीय निकाय	45.23	40.51	36.65	33.42
वन भूमि	120.88	114.23	100	66.28
बंजर भूमि	392.35	387	380	372
कुल	1016.90	1016.90	1016.90	1016.90

स्त्रोत : लेखक द्वारा स्वत: निर्मित

कृषि भूमि – कृषि भूमि समतल प्राय: भूमि होती है जिस पर निर्माण कार्य करना सबसे आसान होता है यही कारण है कि भोपाल महानगर में सर्वाधिक भूमि का ह्रास कृषि भूमि का हुआ है। जहाँ 1991 में कुल भूमि का 442.64 वर्ग किमी वहीं 2001 में 409.16 वर्ग किमी, 2011 में 367.83 वर्ग किमी, 2021 में 270.58 वर्ग किमी क्षेत्र कृषि भूमि उपयोग के रूप में संलग्न था। 1991 से 2001 के मध्य 10 वर्षों में 7.56% परिवर्तन के साथ 33.48 वर्ग किमी कृषि भूमि का ह्रास हुआ। वहीं 2001 से 2011 की अवधि में 10% परिवर्तन के साथ 41.33 वर्ग किमी कृषि भूमि का ह्रास हुआ। इसके साथ ही 2011 से 2021 के दशक में सर्वाधिक 26.43% ह्रासात्मक परिवर्तन के साथ कृषि भूमि में 97.25 वर्ग किमी की अभूतपूर्व क्षति हुई।

निर्माण क्षेत्र – निर्माण क्षेत्र भूमि उपयोग का एक ऐसा वर्ग है जो कि अन्य सभी वर्गों को प्रभावित करता है। निर्माण क्षेत्र में लगातार तीव्र वृद्धि नगरीय फैलाव का सूचक होता है। भोपाल महानगर का निर्माण क्षेत्र 1991 में 15.8 वर्ग किमी था, जिसमें 1991-2001 के दशक में 317.72% परिवर्तन के साथ 66 वर्ग किमी, 2001-2011 के मध्य 100.64% परिवर्तन के साथ 132.42 वर्ग किमी, 2011-2021 की अवधि में 107.36% परिवर्तन के साथ 274.62 वर्ग किमी की सकारात्मक अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी जो कि अन्य वर्गों के ह्रास के लिए मुख्यरूप से उत्तरदायी है।

जलीय निकाय भूमि – भोपाल महानगर तालाबों का नगर है, परंतु यह महानगर जल के साथ-साथ जलीय निकाय भूमि का भूमि दोहन कर रहा है। 1991 में जलीय निकाय भूमि 45.23 वर्ग किमी हुआ करती थी जिसमें 1991-2001 में 10.43% परिवर्तन के साथ 40.51 वर्ग किमी, 2001-2011 में 9.53% परिवर्तन के साथ 36.65 वर्ग किमी, 2011-2021 के दशक में 8.81% परिवर्तन के साथ 33.42 वर्ग किमी जलीय निकाय भूमि शेष बची जिसका मुख्य कारण भोपाल नगर का राजधानी के साथ-साथ औद्योगिक नगरी के रूप में तीव्र विकास है।

वन भूमि – यह महानगर वन अनाच्छादित पहाड़ियों एवं तालाबों के लिए जाना जाता था। 1991 में वन भूमि 120.88 वर्ग किमी थी, 1991-2001 में 5.5% परिवर्तन के साथ 114.23 वर्ग किमी, 2001-2011 में 14.23% परिवर्तन के साथ 100 वर्ग किमी, 2011-2021 में 33.72% परिवर्तन के साथ 66.28 वर्ग किमी वन भूमि शेष बची जो कि भोपाल के तीव्र गति से हो रहे निर्माण कार्य का परिणाम है।

बंजर भूमि – यह भूमि अनउपजाऊ एवं बंजर भूमि के रूप में जानी जाती है परंतु पारिस्थितिक तंत्र के संतुलन के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमि होती है। 1991 में 392.35 वर्ग किमी थी, 1991-2001 में 1.36% परिवर्तन के साथ 387 वर्ग किमी, 2001-2011 में 1.81% परिवर्तन के साथ 100 वर्ग किमी, 2011-2021 में 2.10% परिवर्तन के साथ 372 वर्ग किमी परिवर्तन हुआ, इसका मुख्य कारण निर्माण क्षेत्र में तीव्र गति से प्रसार है।

आरेख क्रमांक 05 : भूमि उपयोग वृद्धि



आरेख क्र.05 से स्पष्ट है कि निर्माण क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य वर्ग जैसे कृषि भूमि, वन भूमि, बंजर भूमि, जलीय भूमि आदि में ह्रासात्मक परिवर्तन जबकि निर्माण क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन प्रदर्शित होता है जो कि नगरीय भूमि उपयोग परिवर्तन का सूचक है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि भूमि

उपयोग परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारकों में प्रमुख कारक नगरीय फैलाव है।

भूमि उपयोग परिवर्तन का महानगरीय उपांत की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर प्रभाव – भूमि उपयोग परिवर्तन के कारण भोपाल महानगर के आंतरिक भाग प्रतिकर्षण (Push Factor) कारक, वहीं दूसरी ओर नगर के बाह्य उपांत ग्रामीण क्षेत्र आकर्षण (Pull Factor) कारक के रूप में प्रभावी हैं जो नगरवासियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, जिससे नगर का फैलाव तीव्र गति से नगरीय उपांत भूमिध्उपनगरीय भूमि सीमांत क्षेत्र पर हो रहा है जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति, सामाजिक स्थिति, पर्यावरणीय स्थिति पर प्रभाव पड़ा है।

भूमि उपयोग परिवर्तन का उपांत की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव – भूमि उपयोग परिवर्तन का उपांत/बाह्य सीमांत ग्रामीण पृष्ठभूमि या ग्रामीण परिवेश पर अत्याधिक प्रभाव पड़ा है। यह प्रभाव सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों रूप में हुआ है। भूमि उपयोग की दृष्टि से यह प्रभाव परिवर्तनशीलता का परिचायक है।

मुख्यत: ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली क्षेत्रीय समाज के जीवन स्तर पर सकारात्मक रूप में प्रभाव पड़ा है, क्योंकि नगर के फैलाव से नगर की आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इन क्षेत्रों तक हुआ है जिससे इन क्षेत्रों के जीवन स्तर एवं आजीविका प्राप्ति के स्तर में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। 14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भी जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव पर सहमति प्रकट की है। दूसरी ओर 37 प्रतिशत लोगों का मानना है कि केंद्रीय व्यापारिक क्षेत्र (सीबीडी), थोक व्यापार और हल्के वस्तु निर्माण क्षेत्र, बाजार, अन्य संस्थानों की नगर के आंतरिक भागों में अधिकता के कारण बाह्य सीमांत क्षेत्रों में निवासरत लोगों को घर से काम पर लंबी दूरी तक आने-जाने पर होने वाले घरेलू खर्च में वृद्धि हुयी है। 24 प्रतिशत लोगों ने शहरी क्षेत्रों में उपयोगिताओं और संबंधित सेवाओं सहित शहरी आधारभूत ढांचे के विस्तार की अतिरिक्त लागत पर व्यय की भी पुष्टि की है।

आरेख क्रमांक 06 : आर्थिक स्थिति पर प्रभाव

आरेख क्र. 6.9 नगरीय फैलाव के आमजन की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव



यह परिवर्तन न केवल कृषि करने के तरीके, मशीनी उपयोग के रूप में हुआ है बल्कि फसलों के प्रतिरूप में भी परिवर्तन हुआ है। नगर के फैलाव से नगरीय आवश्यकता के अनुरूप खाद्यान्य फसलों जैसे गेहुँ, चना, मक्का, चावल के साथ-साथ सब्जियों की खेती, फलों की खेती, फूलों की खेती की जा रही है। पोलिहाऊस, उद्यानिकी के प्रति रूझान भी बढ़ा है। इससे यह कहा जा सकता है कि अब जीवननिर्वाह खेती का स्थान व्यवसायिक कृषि ने ले लिया है। 24 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भी इस पर अपनी सहमति प्रदर्शित की है।

भूमि उपयोग परिवर्तन का उपांत की सामाजिक स्थिति पर प्रभाव – फैलाव वाले नगरीय क्षेत्र में सामाजिक संरचना में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। ग्रामीण सामाजिक संरचना से नगरीय सामाजिक संरचना में परिवर्तन होने से एक मिश्रित प्रकार की संरचना देखने को मिलती है। 34 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि यहां पर मिश्रित संस्कृति का प्रभाव है। सभी जाति धर्म के लोग आपस मे मिल कर रहते हैं। नगरीय फैलाव से इन क्षेत्रों में भी एकल परिवार की परम्परा प्रारम्भ हुयी है। पारस्परिक सामाजिक संबंध केवल औपचारिकता मात्र रह गये हैं। 19 प्रतिशत का मानना है कि पारस्परिक समन्वय एवं समरस्ता की इन क्षेत्रों में कमी है। एक सकारात्मक प्रभाव यह हुआ है कि सामाजिक विवाद इन क्षेत्रों में प्रायरू कम देखने को मिलते हैं, इसकी पुष्टि 24 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने की है।

आरेख क्र. 07 : सामाजिक संरचना पर प्रभाव

आरेख क्र. 6.12 नगरीय फैलाव का सामाजिक संरचना पर प्रभाव



भूमि उपयोग परिवर्तन का उपांत की पर्यावरणीय संसाधनों पर प्रभाव – नगरीय फैलाव का सर्वाधिक नकारात्मक प्रभाव उपांत क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति पर हुआ है। फैलाव से पूर्व इन क्षेत्रों में वातावरण साफ एवं स्वच्छ था परंतु जैसे-जैसे नगर का फैलाव हो रहा है, वातावरण वैसे-वैसे प्रदूषित होता जा रहा है, साथ ही उपांत क्षेत्र के पर्यावरणीय संसाधनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कृषि भूमि का लगातार ह्रास हो रहा है, जैवविविधता का ह्रास हो रहा है, वन भूमि का ह्रास हो रहा है, भूमि एवं मृदा का निर्माण क्षेत्र के रूप में उपभोग हो रहा है।

आरेख क्र. 08 : पर्यावरणीय संसाधनों पर प्रभाव

आरेख क्र. 6.13 नगरीय फैलाव का पर्यावरणीय संसाधनों पर प्रभाव



परिणाम – भोपाल, राज्य की राजधानी होने के कारण प्रशासनिक केन्द्र तो है, ही साथ ही म.प्र. राज्य के मध्य में स्थित होने के कारण वाणिज्यिक एवं औद्योगिक गतिविधियों का केन्द्र भी है।

1. भोपाल महानगर की भूभौतिकी पहाड़ी प्रकार की होने के कारण नगर का क्षैतिज विस्तार बाह्य नगरीय उपांत/परिसीमा/उपनगर की ओर तीव्रता से हुआ है।
2. जननांकिकीय दबाब नगरीय पृष्ठभूमि के परिवर्तन का उत्तरदायी कारण है। प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि, ग्रामीण प्रवसन एवं नगरीकरण नगरीय फैलाव का प्रमुख कारण है।
3. जननांकिकीय दबाब नगरीय पृष्ठभूमि के परिवर्तन का उत्तरदायी कारण है। प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि, ग्रामीण प्रवसन एवं नगरीकरण नगरीय फैलाव का प्रमुख कारण है।
4. सुदूर संवेदन तकनीक की सहायता से फैलाव का मात्रात्मक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि 1991 में कुल निर्माण क्षेत्र 15.8 वर्ग किमी था। 1991 से 2001 में निर्माण क्षेत्र में 317.72 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50.2 वर्ग किमी की बढ़ोत्तरी हुयी, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 5.02 वर्ग किमी रही। औद्योगिक गतिविधियों का विकास एवं 1976 में बनाये गये मास्टर प्लान 1991 का क्रियान्वयन इस अवधि के दौरान तीव्र फैलाव का कारण बना।
5. भोपाल नगर के निर्माण क्षेत्र में 2001 से 2011 के दशक में 100.63 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 66.42 वर्ग किमी की बढ़ोत्तरी हुयी। इस समय वार्षिक वृद्धि दर 6.64 वर्ग किमी रही। इस दशक में पिछले दशक की अपेक्षा वृद्धि दर के प्रतिशत में गिरावट आयी, इसका प्रमुख कारण 2001 में म.प्र. राज्य से अलग होकर छत्तीसगढ़ नवीन राज्य का गठन रहा क्योंकि नवीन राज्य के निर्माण के साथ-साथ प्रशासनिक ढ़ाचे का हस्तांतरण भी नवीन राजधानी रायपुर हुआ।
6. 2011 से 2021 के मध्य 107.38% की वृद्धि के साथ 142.2 वर्ग किमी की बढ़ोत्तरी हुई। यह विगत दशकों में दर्ज की गयी सर्वाधिक बढ़ोत्तरी है जिसका प्रमुख कारण भोपाल का नगर से महानगर एवं स्मार्ट सिटी के रूप में स्थापित होना है, इसके साथ ही इस दशक में भोपाल नगर एक औद्योगिक (भेल एक्सटेंसन, मंडीदीप, गोविंदपुरा आदि) केन्द्र के रूप में स्थापित हुआ है।
7. इस प्रकार 1991 से 2021 के मध्य अध्ययन क्षेत्र में कुल 268.18 वर्ग किमी निर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुयी जो कि तीव्र नगरीय फैलाव का परिचायक है। यह नगरीय फैलाव अन्य भूमि उपयोग के ह्रास पर निर्भर करता है।
8. 1991 से 2001 के दशक में कृषि भूमि में 3.35 वर्ग किमी की वार्षिक दर से कुल 33.48 वर्ग किमी का, जलीय निकाय में 4.72 वर्ग किमी का, वन भूमि में 6.65 वर्ग किमी का तथा बंजर भूमि या खुली भूमि का 5.35 वर्ग किमी का ह्रास हुआ। सर्वाधिक नकारात्मक प्रभाव कृषि भूमि पर पड़ा क्योंकि इसका अधिग्रहण करना एवं इस पर निर्माण कार्य करना आसान होता है।
9. 2001 से 2011 की अवधि में कृषि भूमि में 41.33 वर्ग किमी, जलीय निकाय में 3.86 वर्ग किमी, वन भूमि में 14.23 वर्ग किमी, बंजर/खुली भूमि में 7 वर्ग किमी का नकारात्मक परिवर्तन आया।
10. 2011 से 2021 के दशक में कृषि भूमि में 97.25 वर्ग किमी, जलीय निकाय में 3.23, वन भूमि में 33.72 वर्ग किमी, बंजर/खुली परती भूमि में 8 वर्ग किमी का ह्रास हुआ। यह परिवर्तन भोपाल नगर के फैलाव के परिणामस्वरूप हुआ।
11. 1991 से 2021 के मध्य कृषि भूमि में 172.06 वर्ग किमी का ह्रास हुआ साथ ही कृषि प्रतिरूप में भी परिवर्तन हुआ है। अधिक लाभकारी फसलों के उत्पादन के प्रति रूझान बड़ा है। वहीं वन भूमि में 54.6 वर्ग किमी का ह्रास हुआ। बंजर भूमि/खुली भूमि में 20.35 वर्ग किमी की कमी आयी है। नगरीय फैलाव का जलीय भूमि पर भी प्रभाव पड़ा है, इसमें विगत 30 वर्षों में 11.81 वर्ग किमी का ह्रास हुआ है। साथ ही जलीय निकाय के जल पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है।

निष्कर्ष – 1991 से 2021 के मध्य अध्ययन क्षेत्र, भोपाल महानगर में निर्मित क्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई, वहीं अन्य वर्गों में कृषि भूमि, वन भूमि, जलीय भूमि और बंजर भूमि में लगातार ह्रास हुआ है। निर्मित क्षेत्र की मात्रा में वृद्धि एवं अन्य भूमि उपयोग वर्गों में तदनुरूपी कमी भोपाल नगर के उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम दिशाओं में हुयी है। निर्मित क्षेत्र का विस्तार अन्य वर्गों की कीमत पर हुआ है। इस वृद्धि का प्रमुख कारण जनसंख्या में वृद्धि, निजी भूमि का विकास, सहकारी समितियों का विकास, अचल संपत्ति में उछाल, शैक्षणिक संस्थानों का विस्तार, बुनियादी संरचना का विकास, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास आदि हैं। अध्ययन क्षेत्र में भूमि उपयोग की स्थानिक संरचना एवं प्रतिरूप समय के साथ तीव्रगति से परिवर्तनशील रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Chawla, S. (2012). Land use changes in India and its impacts on the environment. Journal of Environment, 1(1), 14–20.
2. Fazal, S. (2006). Land transformation in relation to distance in developing economy. Indian Journal of Regional Science, 38(1), 91–104.
3. Lambin, E. F., Geist, H. J., & Lepers, E. (2003). Dynamics of land-use and land-cover change in tropical regions. Annual Review of Environment and Resources, 28, 205–241. https://doi.org/10.1146/annurev.energy.28.050302.105459
4. Jat, M. K., Garg, P. K., & Khare, D. (2008). Monitoring and modelling of urban sprawl using remote sensing and GIS techniques. International Journal of Applied Earth Observation and Geoinformation, 10, 26–43. https://doi.org/10.1016/j.jag.2007.04.002
5. Matsa, M., Mupepi, O., Musasa, T., & Defe, R. (2020). A GIS and remote sensing-aided assessment of land use/cover changes in resettlement areas: A case of Ward 32 of Mazowe District, Zimbabwe. Journal of Environmental Management, 276, 111291. https://doi.org/10.1016/j.jenvman.2020.111291
6. López, E., Bocco, G., Mendoza, M., & Duhau, E. (2001). Predicting land-cover and land-use change in the urban fringe: A case in Morelia city, Mexico. Landscape and Urban Planning, 55, 271–285. https://doi.org/10.1016/S0169-2046(01)00160-8
7. Gajbhiye, S., & Sharma, S. K. (2012). Land use and land cover change detection of Indra River watershed through remote sensing using multi-temporal satellite data. International Journal of Geomatics and Geosciences, 3(1), 89–96.
8. Yuan, F., Sawaya, K. E., Loeffelholz, B. C., & Bauer,

M. E. (2005). Land cover classification and change analysis of the Twin Cities (Minnesota) metropolitan area by multi-temporal Landsat remote sensing. Remote Sensing of Environment, 98(2–3), 317–328. https://doi.org/10.1016/j.rse.2005.08.006

9. Singh, J. P., & Dharmajog, A. (1998). City planning in India. Mittal Publications.
10. Ghosh, S. (2019). City growth and land-use/land-cover change: A case study of Bhopal, India. Modeling Earth Systems and Environment, 5(4), 1569–1578. https://doi.org/10.1007/s40808-019-00641-0
11. Bhattacharya, A., & Rathor, S. (2017). Dynamic growth of Bhopal city core: A conceptual and legal approach. International Journal on Emerging Technologies, 8(1), 608–613.
12. Kaur, R., & Choudhary, A. (2017). Challenges and suggested remedies in making Bhopal a smart city. International Journal of Innovative Research in Science, Engineering and Technology, 6(9). https://doi.org/10.15680/IJIRSET.2017.0609001
13. Srinagesh, B., & Baktula, K. (2014). Landuse and landcover analysis of Dehradun: Application of RS and GIS. Annals of the National Association of Geographers, India, 34, 71–85.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

बाल मनोविज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक बोध : समकालीन हिंदी बाल कथा साहित्य के संदर्भ में

गीतांजली कोलीवाल* डॉ. ज्योति यादव**

* शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – बाल साहित्य का प्रथम रूप लोरी व प्रभाती है। बाल साहित्य के नाम पर एक अरसे तक बालकों के लिए साहित्य लिखा गया है। बाल साहित्य से तात्पर्य ऐसे साहित्य से है जो बालोपयोगी साहित्य से भिन्न रचनात्मक साहित्य होता है। विज्ञान कथा अथवा साइंस फिक्शन साहित्य की वह विधा है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संभावित परिवर्तनों को अभिव्यक्त कर बच्चों को विज्ञान के संबंध में नई-नई जानकारियाँ देकर उनकी उत्सुकता को शांत करती है। विज्ञान लेखन के लिए गूढ़ विषय को सरल, सुगम, रोचक, मनोरंजन व मनोवैज्ञानिक शैली में बच्चों के सामने प्रस्तुत किया जाता है।

बाल साहित्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सर्वाधिक मायने रखता है। वैज्ञानिक तथ्यों को आधार बनाकर उसमें कल्पना को जोड़ते हुए बाल मनोविज्ञान की आधारशिला पर संभावित सत्य के रूप में प्रस्तुत कर विज्ञान फंतासी भी लिखी गई। अमृतलाल नागर, हरिकृष्ण देवसरे, जाकिर अली रजनीश, शकुंतला कालरा, उषा यादव, विभा देवसरे, प्रकाश मनु, परशुराम शुक्ल, गोविंद शर्मा, क्षमा शर्मा, शिखर चंद्र जैन, मनोहर चमोली मनु आदि ऐसे कई नाम है जिनकी बाल विज्ञान साहित्य से संबंधित रचनाएँ प्रकाशित हुई है। विज्ञान कथाएं बालकों में वैज्ञानिक रुचि पैदा कर विज्ञान के अविष्कार एवं आविष्कारकों के संघर्ष को बालकों के सामने प्रस्तुत करती है। विज्ञान फंतासी साहित्य में विज्ञान के धरातल पर बाल मन को टटोलकर कथा का ताना-बाना बुना गया है। वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति जीवन का अभिन्न अंग बनती जा रही है जिस कारण बाल साहित्य में वैज्ञानिक चेतना का समाहार युगीन आवश्यकता बन गया है। आज ऐसा बाल साहित्य प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हो रहा है जो बच्चों को संस्कारित करने की जगह उनकी मनोवृतियों को विकृत कर रहा है। समाज में हो रहे विकास और वैज्ञानिक प्रगति के साथ बच्चों का सतत समन्वय बनाए रखने के लिए उन्हें मानसिक पोषण देने के लिए नित्य नवीन स्तरीय बाल मनोविज्ञान पर आधारित बाल साहित्य के सृजन की आवश्यकता है।

शब्द कुंजी – बालोपयोगी, प्रौद्योगिकी, आविष्कारक, तथ्य, दृष्टिकोण, फंतासी।

प्रस्तावना – छोटे बच्चों का संसार अपने आकार-प्रकार, रंग-रूप में बड़ों के संसार से सर्वथा भिन्न होता है। बड़ों के संसार में लोग शिष्टाचार, सभ्यता, संस्कृति, समाज, जाति, राष्ट्र, नियम, आदर्श आदि विद्यमान रहते हैं जबकि बच्चों के संसार में इन सब का अभाव रहता हैं। बच्चे निजी तौर पर ना तो शिष्टता व सभ्यता का अर्थ समझते हैं और न ही नियमों व आदर्शों की कोई चिंता उन्हें सताती है। समय के साथ-साथ बच्चों को सूचना, शिक्षा और ज्ञान प्रदान करने के लिए एक माध्यम की आवश्यकता अनुभव की गई जो बड़े होते बच्चों की जिज्ञासा को शांत कर सकें और उनके उत्सुक मन को तृप्ति प्रदान कर सकें। ऐसे में कहानी का आविष्कार हुआ। कहानी द्वारा प्रकृति पौधों, पशु,पक्षी, चाँद-तारों, किरण, बादल, वर्षा, नैतिकता, मानवीय मूल्य आदि विभिन्न पक्षों का ज्ञान बालकों को दिया गया। पंचतंत्र की प्रणेता आचार्य विष्णु शर्मा ने अपनी कहानियों द्वारा ही भटके हुए राजकुमारों को सुमार्ग पर ला दिया। उनकी कहानी आज विश्व की लगभग सभी भाषाओं में अनूदित होकर पुस्तक रूप में उपलब्ध हैं।

राष्ट्र के निर्माण व उत्थान के लिए बच्चों के चतुर्दिक विकास को आवश्यक माना गया है। जिसमें बाल साहित्यकारों की भूमिका अहम रही है। बाल साहित्य बाल और साहित्य के योग से बना है। बाल जिसके अंतर्गत बच्चें आते हैं और साहित्य का अर्थ होता है हित करना। 'जिस भाषा में बाल साहित्य का सृजन नहीं होता उसकी स्थिति उस स्त्री के समान है जिसके संतान नहीं होती। प्रत्येक देश का भविष्य उसके बच्चों पर निर्भर होता है वही उसके भावी निर्माता होते हैं। अत: अब जो देश अपने इन भावी निर्माताओं के प्रति उदासीन रहता है उसका भविष्य अंधकार पूर्ण समझना चाहिए।'[1]

जो साहित्य बच्चों के मानसिक स्तर के अनुकूल हो उनके विकास और उन में संस्कारों के निर्माण हेतु लिखा जाए वह बाल साहित्य कहलाता है। जिससे उनमें चारित्रिक, शैक्षिक, मानसिक व नैतिक गुण विकसित होते हैं। बाल साहित्य के संबंध में विभिन्न विद्धानों के अलग-अलग मत है-

बाल साहित्य की प्रथम परिभाषा आचार्य विष्णु शर्मा की है- विष्णु शर्मा के पंचतंत्र को बाल साहित्य के क्षेत्र में विश्व की सबसे प्राचीन पुस्तक माना जाता है जिसमें उन्होंने लिखा है-

'यत्नवे भाजने लग्न: संस्कारों नान्यथा भवेत् ।
कथाच्छलेन बालानां नीतिस्तदिह कथ्यते।।'

जिस प्रकार किसी नवीन पात्र के कोई संस्कार नहीं रहते, उसी प्रकार बच्चों की स्थिति होती है इसलिए उन्हें तो कथा आदि के द्वारा ही नीति के संस्कार बताने चाहिए।[2]

बाल गीतकार निरंकार देव सेवक के शब्दों में- 'जिस साहित्य से बच्चों का मनोरंजन हो सकें, जिसमें वे रस ले सके और जिसके द्वारा वह अपनी

भावनाओं और कल्पनाओं का विकास कर सके। वह बाल साहित्य है।'[3]

सोहनलाल द्विवेदी का विचार है कि 'सफल बाल साहित्य वही है जिसे बच्चे सरलता से अपना सकें और भाव ऐसे हो जो बच्चों के मन को भायें यूं तो अनेक साहित्यकार बालकों के लिए लिखते हैं किंतु सचमुच जो बालक के मन की बात बालकों की भाषा में लिख दे वही सफल बाल साहित्य लेखन है।'[4]

बाल साहित्य के नाम पर एक अरसे तक 'बालकों के लिए साहित्य' लिखा गया है। बाल साहित्य से तात्पर्य ऐसे साहित्य से है जो बालोपयोगी साहित्य से भिन्न रचनात्मक साहित्य होता है अर्थात जो विषय निर्धारित करके शिक्षार्थ लिखा हुआ ना होकर बालकों के बीच का अनुभव आधारित रचा गया होता है। वह कविता, कहानी,नाटक आदि होता है न की कविता, कहानी नाटक आदि के चौखट से भरी हुई विषय प्रधान जानकारी अथवा उपदेश पूर्ण सामग्री होता है।[5]

बाल साहित्य के संबंध में दिविक रमेश कहते हैं कि 'मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि जैसे बच्चे की हम कल्पना करते हैं या बच्चे से जिन अपेक्षाओं की पूर्ति चाहते हैं उसके लिए बहुत कुछ हम बाल साहित्य पर निर्भर करते हैं। अत: बाल साहित्यकारों पर बहुत उत्तारदायित्व है यदि हम चाहते हैं कि बाल साहित्य बेहतर बच्चा बनाने में मदद करें और साथ ही वह बच्चों के द्वारा अपनाया भी जाए तो उसके लिए हमें अर्थात बाल साहित्यकारों को बाल मन से भी परिचित होना पड़ेगा।'

अमेरिकी कवि और बाल साहित्यकार चार्ल्स घिन्न के अनुसार 'जब आप बच्चों के लिए लिखो तो बच्चों के लिए मत लिखो अपने भीतर के बच्चें के द्वारा लिखो।'[6]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि बाल साहित्य वह है जो बालकों के लिए लिखा जाये, जिसमें बालकों के स्तर के अनुकूल सहजता, सरलता, कौतूहलता और रोचकता हो, जो बालकों को प्रेरणा दे सके और उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाने में सहयोग दें।

बाल साहित्य: बालक एवं विज्ञान : 'विज्ञान' शब्द को अंग्रेजी में Science कहते हैं। जिसकी उत्पत्ति लेटिन भाषा के शब्द SCIENTA से हुई है।SCIENTA का अर्थ है, ज्ञान KNOWLEDGE या जानना।'[7]

किसी भी वस्तु की जानकारी एकत्र करते हुए उसका अध्ययन और विश्लेषण करना ही विज्ञान है। विज्ञान का अर्थ– विशेष ज्ञान है। 'क्रमबद्ध ज्ञान का सिलसिलेवार वर्णन ही विज्ञान है। विज्ञान–चिंतन की सर्जनात्मक अभिव्यक्ति ही बाल विज्ञान साहित्य है।'[8]

बाल विज्ञान : बाल साहित्य की एक लंबी परंपरा होने पर भी आज का बाल साहित्य कई अर्थों में पुराने बाल साहित्य से एकदम भिन्न है। परिवर्तन की लहर से बाल साहित्य भी अछूता नहीं रहा है। वैज्ञानिक विकास ने बाल साहित्य में कई परिवर्तन किए हैं। बाल साहित्य ही नहीं आज का बच्चा भी पहले के बालक जैसा नहीं रहा है,आज का बच्चा सब कुछ आंखें मूंद कर मानने को उदित नहीं है। आज बच्चें ऑनलाइन माध्यम से भी बाल साहित्य देख और पढ़ सकते हैं। विज्ञान की नित् नूतन प्रगति ने उसकी चेतना को इतना प्रखर बना दिया है कि अंतरिक्ष पर पहुंचने का मनोरथ अब उसका सपना नहीं यथार्थ बन चुका है। वह विविध मुद्दों पर अपना स्वतंत्र मत रखना है और उस मत को लेकर बड़ों के साथ बहस करने में भी पीछे नहीं रहता। संचार माध्यमों की प्रगति ने आज उसमें जैविक चेतना उत्पन्न कर दी है, उससे उसमें गहन आत्मविश्वास आ गया है।[9]

विज्ञान समाज का अभिन्न अंग है। विज्ञान वहीं है जहां ज्ञान के साथ तार्किकता हो। बच्चें विज्ञान की नई–नई जानकारियाँ पाने को उत्सुक रहते हैं। विज्ञान को बच्चों तक पहुँचाने तथा उनमें जागरूकता लाने में बाल रचनाकार सशक्त भूमिका अदा करता है। बालक जब अपने परिवेश को समझने लगता है तो उसके मन में अनेकों सवाल उठने लगते हैं। उसके मन में उठते सवाल ही बाल विज्ञान कथाओं की पृष्ठभूमि को पुष्ट करते हैं।

विज्ञान कथा: विज्ञान कथा अथवा 'साइंस फिक्शन' साहित्य की वह विधा है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संभावित परिवर्तनों की प्रतिक्रियाओं को अभिव्यक्ति देती है। विज्ञान को आधार बनाकर छोटी कहानी से लेकर उपन्यास तक लिखे जा सकते हैं। बच्चों के लिए विज्ञान लेखन एक कठिन कार्य है। इसके लिए जरूरी है कि विज्ञान जैसे गूढ़ विषय को सरल, बोधगम्य, रोचक और मनोरंजक शैली में बच्चों के सामने लाया जाएं। वैज्ञानिक दृष्टि को विकसित करने वाला बाल कथा साहित्य भी इसी कोटि में आता है। यह साहित्य बच्चों के भीतर रूढ़ियों और अंधविश्वासों के प्रति भय मिटाते हुए उनमें वैज्ञानिक दृष्टि से चिंतन करने की शक्ति उत्पन्न करता है। 'डॉ. देवसरे की ज्यादा रुचि अंधविश्वासों के खंडन और वैज्ञानिक दृष्टि से संपन्न उपन्यास लेखन की ओर रही है।'[10]

देवसर जी का वैज्ञानिक दृष्टिकोण अंधविश्वास की चादर को हटाकर नवीनता का प्रस्तुतीकरण करता है।

बाल साहित्य में वैज्ञानिक या तकनीकी उपकरण उतने मायने नहीं रखते जितना वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को परिभाषित करते हुए महात्मा बुद्ध ने कहा है कि 'किसी बात पर इसलिए विश्वास मत करो कि उन्हें वैसा बताया गया है अथवा गुरुजनों ने वैसा कहा है या परंपरा से वैसा होता आया है, किंतु उचित निरीक्षण, परीक्षण और विश्लेषण के बाद जो तुम्हें उचित लगे, कल्याणकारी लगे, सर्वहित कारी लगे उस सिद्धांत पर अमल करों और आजीवन उस पर डटे रहों।'[11] यही दृष्टिकोण आधुनिक युग की माँग है जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक हो सकता है।

विज्ञान साहित्य का उद्देश्य बालकों की जिज्ञासा को शांत कर उन्हें वैज्ञानिक परिवेश की प्रति जागरुक करते हुए उनके मानस पटल पर विज्ञान के ज्ञान का विस्तार करना है ताकि वह अपने आप आसपास घटित हो रही घटनाओं का अवलोकन वैज्ञानिक ढंग से कर सकें। आधुनिक साहित्य में विविध पक्ष समाहित हैं। इसलिए बाल विज्ञान साहित्य का उतना ही महत्व है जितना अन्य साहित्य का है।

आज की वैज्ञानिक प्रगति और बच्चे : वर्तमान युग विज्ञान का युग है और उसका प्रभाव जीवन के सभी क्षेत्रों में परिलक्षित होता है। इसी विज्ञान की प्रगति को जब रचनाकार सरल, रोचक व मनोरंजन रूप देकर बच्चों के समक्ष प्रस्तुत करता है तो वह वैज्ञानिक बाल साहित्य कहलाता है। वैज्ञानिक बाल साहित्य विज्ञान की प्रगति का ही परिणाम है। क्षमा शर्मा के अनुसार आज का युग विज्ञान का है हम बालकों को तकनीक से अलग नहीं रख सकते तकनीक बच्चों के लिए किसी ईश्वर की तरह है।[12]

बच्चों को आज की वैज्ञानिक प्रगति से जोड़ना जरूरी है। बाल साहित्य इस काम को रोचक ढंग से कर सकता है लेकिन, लिखना और वह भी बच्चों के लिए और वैज्ञानिक विषयों पर कोई हंसी खेल नहीं है। बच्चों को विज्ञान की जानकारी देने वाली पुस्तकें रोचक, सरल और ग्राह्य शक्ति के अनुरूप होनी चाहिए। 'आज विशेषतौर पर बच्चों में वैज्ञानिक प्रगति विकसित करने,

उनमें वैज्ञानिक अभिरुचि जगाने और वैज्ञानिक सोच लाने के लिए हर संभव तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है, तभी हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का सपना की हमारे देश के बच्चे वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले नागरिक बनें साकार होगा।

वैज्ञानिक सोच आज प्रगति की सीढ़ियां पार करते हुए तकनीकी वह अंतरिक्षीय खोजों तक पहुंच गई है। सुश्रुत, वराहमिहिर, आर्यभट्ट, भाभा इत्यादि विद्वानों ने अपनी बुद्धिमत्ता से पृथ्वी की विभिन्न विशेषताओं को परख कर नवीन रूप में उजागर कर अपना अमूल्य योगदान किया। हिंदी बाल कहानियों में वैज्ञानिक दृष्टि विकसित करने वाली विज्ञानपरक कथाएँ सामने आई है। विज्ञान की कहानी लिखने का काम मुख्यत: स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ही शुरू हुआ। मयंक जी की भिडंत कहानी 1965 में छपी। उसके बाद कहानियों का दौर सा चल पड़ा। कतिपय कहानीकारों ने ही इस कोटी की कहानियाँ लिखी हैं। अंतरिक्ष सूट में बंदर (अमृतलाल नागर), भूकंप (अलका सिन्हा), आकाश की सैर (डॉ. गोरख प्रसाद), जलयान की कहानी (राजेश दीक्षित), चमत्कार का रहस्य (शकुंतला कालरा), हमारा पर्यावरण हमारा जीवन (चंद्रकांत शर्मा), जीवन का ज्ञान विज्ञान तथा जनसंख्या और विकास (रितु प्रिया शर्मा), पर्सनल कंप्यूटर (वंदना अग्रवाल) आदि कृतियों में विज्ञान को रोचक व मनोरंजन रूप प्रदान कर बच्चों को उसके लाभ-हानि से अवगत कराया गया है। उषा यादव की कहानियों में बाल मनोविज्ञान का पुट अधिक प्रभावी है परंतु इसी के साथ उन्होंने छिटपुट वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त कहानियाँ लिखी है जो एक कठिन कार्य है। जब वैज्ञानिक दृष्टि का लेखन करना हो तब उसे सरल, बौद्धगम्य और रुचिकर बनाकर प्रस्तुत करना पड़ता है और ऐसा प्रयास उषा यादव ने किया है। जिस कारण इनकी कहानियाँ बच्चों को पसंद आती है। उषा यादव की कहानियों में मनोवैज्ञानिकता, ऐतिहासिकता, सहासिकता, उपदेशात्मकता के साथ-साथ मनोरंजन व बाल मनोविज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक शैली का प्रयोग भी हैं।

परी कथाएं (संग्रह) में कई कथाओं में जादूई तकनीक का ऐसा प्रयोग है जो वैज्ञानिकता की और इंगित करता है। 'नयना-सुनयना' कहानी परियों की जादुई दुनिया में वैज्ञानिक शक्तियों को इंगित करती है। कहानी अंगूठी गायब में उषा यादव ने वैज्ञानिकता से भरी मानसिकता को दर्शाया है। 'चॉकलेट का पेड़' उषा यादव की विज्ञानपरक कहानी है। इसमें अंकित को कंप्यूटर गेम खेलते हुए दिखाया गया है ।अंकित चॉकलेट की बात सोचता है और स्वप्न की दुनिया में चला जाता है। यह अंतरिक्ष स्टेशन संसार के 16 देशों के द्वारा मिलकर शुरू किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अभियान है। इसका उद्देश्य धरती और अंतरिक्ष के बीच संबंध जोड़ना तथा अंतरिक्ष के ज्यादा से ज्यादा लाभों को धरती तक पहुँचना है।

1998 में इस स्टेशन के जायी और यूनिटी नामक दो खंड अंतरिक्ष में पहुंचाये और जोड़े जा चुके हैं। 31750 किलोग्राम वजन वाले 'यूनिटी' को 'जायी' के ऊपर रखना तथा पेचो से कसकर जोड़ना किसी दैत्य-दानव जैसी शक्ति वाले के भी बस की बात नहीं थी। कंप्यूटर से संचालित होने वाली रोबोट भुजाओं ने इस असंभव काम को भी संभव कर दिखाया। अगले पांच सालों में इस अंतरिक्ष स्टेशन में करीब 100 खंड और जोड़े जाएंगे।

अपनी वैज्ञानिक जानकारी पर अंकित इतरा उठा, वाह! कितना कुछ जानता है वह। उषा यादव ने वैज्ञानिक प्रगति और बाल जगत में विज्ञान के प्रति जागरुकता को अंकित के माध्यम से उजागर किया है।

विज्ञान के क्षेत्र भी खोजकर्ता को आविष्कारक कहा जाता है संसार में ऐसे बुद्धिजीवियों की खोज नई क्रांति पैदा करती है। प्रकाश मनु द्वारा रचित 'सुनो कहानी ज्ञान विज्ञान की' तथा 'अनोखी कहानी ज्ञान विज्ञान की' कहानी संग्रह में विज्ञान से जुड़े आविष्कार एवं आविष्कारकों का विवरण मौजूद है। प्रकाश मनु ने अपनी विज्ञान से जुड़ी हुई कहानियों मेंआइसक्रीम, चॉकलेट, पेंसिल और किताब के अतिरिक्त रबर, कपड़ा, सिलाई मशीन, बिजली, रेडियो, टेलीफोन, टेलीविजन, रेलगाड़ी, जहाज, कार और कंप्यूटर के आविष्कार की कहानियाँ लिखी जो बच्चों में विज्ञानपरक सोच परिपक्व कर उनके दृष्टिकोण को वैज्ञानिक रूप देती है।

कंप्यूटर से संबंधित कथाओं में विज्ञान के आधार पर कल्पना के ऐसी पंख फैलाए गए हैं कि पाठक पढ़े बगैर नहीं रह सकता। प्रकाश मनु की 'दुनिया का सबसे अनोखा चोर' कहानी सुपर कंप्यूटर बनाने वाले सुबोध और इस अनोखे चोरों को पकड़ने वाले देबू के इर्द-गिर घूमती है। 'गोपी की फिरोजी टोपी कहानी गोपी द्वारा बनाए लघु कंप्यूटर का वर्णन करती है।

'पप्पू की रिमझिम छतरी' कहानी में रचनाकार का वैज्ञानिक दृष्टिकोण झलकता है। पप्पू की रिमझिम छतरी में लेखन लिखते हैं यह ऐसी छतरी है जो किसी को दिखाई नहीं देती कितनी ही तेज बारिश हो मजाल है कि एक बूंद पानी भी इसके नजदीक आ जाए। पानी इसके पास आने से पहले ही हवा में भाप बनकर उड़ जाएगा और छतरी गीली तक नहीं होगी। इसके लिए इसमें से खास तरह के रेडिएशन निकलते हैं और देखा जाए तो असल में वही हमारी छतरी का काम भी करते हैं।[13]

मृत संजीवनी का आविष्कार (कमलेश भट्ट कमल) एक ऐसी काल्पनिक विज्ञान कथा है जो 22वीं सदी की आखिरी रात से शुरू होती है। स्पोटिंग स्टेशन (साबिर हुसैन) अंतरिक्ष में हो रहे अतिक्रमण की बात करती है।

गोविंद शर्मा के 'भूल चूक लेनी देनी' संग्रह में विज्ञान पर आधारित बाल कथाएँ हैं। जिनमें धरती से चंद्रमा तक के सफर में बच्चों की बहादुरी व उनके सद्भावना पूर्ण व्यवहार की झांकी बड़ों को भी एक सबक देती है। बरसात (दीनदयाल शर्मा) का वैज्ञानिक विश्लेषण करने वाली कहानी 'बरसात' बच्चों की वर्षा के बारे में अनेक जिज्ञासाओं को संतुष्ट करती हैं। शिखर चंद्र जैन की कहानी 'चंद्रयान-3 की जरूरत' बच्चों को अंतरिक्ष की सैर कराती वैज्ञानिक कहानी है। मनोहर चमोली मनु की 'बैलून यात्रा' विज्ञान गल्प है। मनोहर चमोली मनु की 'रखनी है साफ सफाई' वैज्ञानिक कहानी है।

बाल उपन्यासों की कथावस्तु बालकों के मनोविज्ञान व मस्तिष्क पर आधारित है। विज्ञान उपन्यासों में डॉ. हरिकृष्ण देवसरे की उड़न तश्तरियाँ, डॉ. बोमा की डायरी, विनोद अग्रवाल का शुक्रग्रह के मेहमान, कैलाश शाह का हरे दानव का देश, ओमप्रकाश का सोने का गोला, सुरेश आमेटा का उड़नतश्तरी का रहस्य, मोहन सुंदर राजन का अंतरिक्ष यान के करनामें, विजय कुमार बिस्ता का अंतरिक्ष की सैर, डॉ. पृथ्वी नाथ पांडेय का अनोखी ग्रह के विचित्र प्राणी आदि का भी हिंदी बाल उपन्यासों के विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। डॉ. देवसरे का वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अंधविश्वासों के विरुद्ध चेतना जगाने वाला उपन्यास एक और भूत भी अपने ढंग का अकेला उपन्यास है।[14] विज्ञान से संबंधित हर कोई घटना बच्चों को लुभाती है। बच्चों के लिए विज्ञान एक जादू की तरह है। नन्हें हाथ खोज महान, आओ चंदा देश चले, मंगल ग्रह पर राजू, डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट घना जंगल डॉट

कॉम, स्वान यात्रा, चंदू के कारनामे, भाप की शक्ति पहचान ली, चंदा मामा दूर के, होटल का रहस्य, अंतरिक्ष के रहस्य इत्यादि हरि कृष्ण देवसरे के वैज्ञानिक व तकनीकी युग पर आधारित उपन्यास है।

प्रसिद्ध दार्शनिक वैज्ञानिक बर्ट्रेंड रसेल का कथन है कि 'वैज्ञानिक प्रगति के दो इंजन हैं। एक है समाज में वैज्ञानिक सोच का विकास और दूसरा है परिवर्तन की ललक।'[15] हमारे बाल जीवन का विकास भी इन्हीं दो इंजनों पर निर्भर करता हैं।

डॉ. परशुराम शुक्ल ने बच्चों की जानकारी के लिए विज्ञान की लाभकारी व विनाशकारी शक्तियों का परिचय अपनी रचनाओं के माध्यम से दिया है। इन्होंने बीसवीं सदी का विलक्षण आविष्कार: 'लेसर' पुस्तक में मेसर और लेसर किरणों के प्रभाव लिखे हैं। 'उपयोगी आविष्कार' वैज्ञानिक आविष्कारों से संबंधित रचना है। इस पुस्तक में तीन लेखकों के पांच आलेख संग्रहित है इसमें डॉ. शुक्ल के 'रेलगाड़ी', 'आतिचालकता', 'रोबोट' तीन आलेख हैं। रोबोट एक विलक्षण वैज्ञानिक आविष्कार है जो एक यंत्र मानव होता है। रोबोट शब्द चेक भाषा का है जिसका अर्थ सेवक होता है।

जाकिर अली रजनीश का सपनों का राजा, हरि दुनिया, सुपरमैन, विभा देवसरे का शनि लोक, जयप्रकाश भारती का बर्फ की गुड़िया, हरि कृष्ण देवसरे का चटपट चंदू आदि वैज्ञानिक तथ्यों से जुड़े बाल उपन्यास धारावाहिक रूप में पराग पत्रिका में प्रकाशित हुए।

ह्यूमन ट्रांसमिशन (जाकिर अली रजनीश) विज्ञान कथा पर आधारित बाल उपन्यास है जैसा कि नाम से स्पष्ट होता है एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना वह भी व्यक्ति का। एक स्थान से दूसरे स्थान पर टीवी प्रसारण की भांति भेजना ह्यूमन ट्रांसमिशन कहलाता है। इस तरह ह्यूमन ट्रांसमिशन में व्यक्ति को तरंगों की भांति एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसमिशन किया जा सकता है।

विज्ञान फंतासी: हिंदी बाल कथाओं में विज्ञान पर एक लेखन में दो मुख्यत: दो दृष्टियां काम करती हैं- विज्ञान की जानकारी देना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना। वैज्ञानिक बाल कथाओं की एक तीसरी श्रेणी भी है, जिसमें वैज्ञानिक यथार्थ की अपेक्षा कल्पना या फेंटेसी तत्व अधिक हावी होता है। डॉ. देवसरे के अनुसार 'इनमें बहुत से लोग विज्ञान को प्लेटफार्म बनाकर कल्पना के सहारे दूसरे लोकों में पहुँच जाते हैं।'[16]

फेंटेसी ग्रीक भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है किसी चीज को साकार करना अथवा मूर्त बनाना। यह ऐसे सत्य को उद्घाटित करती है जो सामान्य मनुष्य की पहुँच से परे है। परंपरागत फेंटेसी में परी कथाएँ, जादू की कहानी, अलिफ लैला की कहानी आदि आ जाते हैं। फेंटेसी के पात्र इस दुनिया के मनुष्य, पशु-पक्षी अथवा खिलौने आदि जड़ पदार्थ और जिन्न-भूत परियाँ आदि काल्पनिक पात्र भी हो सकते हैं किंतु वह दुनिया इस दुनिया से बिल्कुल भिन्न विचित्र व काल्पनिक होनी चाहिए। फेंटेसी देश और काल की सीमाओं से मुक्त साहित्य है। फैंटेसी का आकर्षण सार्वजनिक और सर्वकालिक होता है।

डॉ. हरिकृष्ण देवसरे ने लिलिपन स्मिथ की पुस्तक एक क्रिटिकल एप्रोच टू चिल्ड्रेन्स लिट्रेचर से उद्धृत करते हुए फंतासी के स्वरूप का विवेचन किया हैं। फंतासी कल्पना की वह क्रिया है जो किसी अमूर्त वस्तु की क्रिया,स्थिति, रूप तथा आकार का बोध कराती है। उदाहरणस्वरूप काव्य और काव्यगाथाओं में 'चंदामामा' सर्वाधिक पुरानी फंतासी है।

जिस प्रकार बच्चों के लिए लिखी गई विज्ञान कथा का आधार वैज्ञानिक तथ्य होते हैं, उन्हीं के आधार पर कल्पना आगे बढ़ती हुई संभावनाओं को सत्य के रूप में प्रस्तुत करती है। यही विज्ञान-फंतासी है। विभा देवसरे का 'शनिलोक', राज् कुमार जैन का 'नकली चाँद', जाकिर अली रजनीश का उपन्यास 'समय के पार', विज्ञान फंतासी पर आधारित है। अंतरिक्ष में विस्फोट (जयंत विष्णु नार्लीकर) एक विज्ञान फंतासी है। जिसमें कल्पना का पुट डालकर बच्चों के लिए प्रस्तुत किया गया है। डॉ. शोभनाथ लाल का सीपियाण्ड़ेला की सैर छोटे-छोटे तेरह खंडों में विभक्त एक विज्ञान फंतासी है जिसमें कल्पना का पुट डालकर अपनी धरती और देश को स्वर्ग के समान बनाने की प्रेरणा दी गई है।[17]

'सीपियाण्ड़ेला की सैर' (शोमनाथ लाल) उपन्यास में 21वीं सदी के बालक को भविष्य के लिए चेतावनी दी गई है।

रचनाकार प्रकाश मनु की फैंटसी कथाओं का उद्देश्य वैज्ञानिक तथ्यों को कल्पना के आधार पर व्यक्त कर बालकों को विज्ञान के साथ जोड़ना है। 'मंगल ग्रह की लाल चिड़िया' (प्रकाश मनु) कहानी मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं की पुष्टि करती है। चंद्रलोक की अदृश्य दुनिया कहानी बच्चों के चांद पर जाने के सपने को पूरा करती है। वर्ष 2095 अर्थात भविष्य को लेकर लिखी गई यह कहानी चंद्र ग्रह पर जीवन होने के रहस्य को खोलती है।

'विज्ञान फंतासी कथाएँ' और 'अजब अनोखी विज्ञान कथाएँ' कहानी संग्रह की विज्ञान फंतासी कथाएँ बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करती है। इनकथाओं में अंतरिक्ष ग्रह की यात्रा में रोबोट से जुड़े विषयों में वैज्ञानिक तथ्यों को आधार बनाकर कल्पना के द्धारा प्रस्तुत किया गया है। इन कथाओं में कल्पना के साथ-साथ वैज्ञानिक तर्क दिए गए हैं। 'गिल गिल सेवक चौकीदार' विज्ञान की नई तक की खोज रोबोट पर आधारित फेंटेसी कथा है। मार्था की नीली गुड़िया में गुड़िया रोबोट रूप में है जो आकाश में उड़ भी सकती है और बोल भी सकती है। इन कथाओं में कल्पना से भरे हुए भविष्य में तकनीक और विज्ञान की दिन प्रतिदिन हो रही प्रगति का इतिहास है। शब्दभेदी तीर कहानी परमाणु हथियारों से बचने के लिए बनाए गए तीरों का वर्णन करती हुई फंतासी है।अनोखी चिड़िया 'शिंगाई फू शुम्मा, लो चला पेड़ आकाश में फेंटेसी कथाओं का उद्देश्य बच्चों के वैज्ञानिक स्तर में परिवर्तन लाना है। जिससे उनमें वैज्ञानिक रुचि पैदा हो सके तथा विज्ञान के उपयोग-दुरुपयोग की समझ पैदा हो। यांत्रिकी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के उपयोग व दुरुपयोग से अवगत कराती रिमझिम छतरी उड़ने वाली विज्ञान फंतासी है। विज्ञान फंतासी साहित्य सामान्य से विशेष की ओर बढ़ता है। प्रकाश मनु ने विज्ञान फंतासी साहित्य में विज्ञान की धरातल पर बाल मन को टटोल कथा का ताना-बाना बुना है।

बाल विज्ञान लेखन व प्रकाशन : बाल साहित्य-समीक्षा से संबंधित विभिन्न ग्रंथों के अध्‍ययन से स्पष्ट होता है की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 60 के दशक में बाल पत्रिकाओं के अतिरिक्त इंडियन प्रेस, पुस्तक भंडार, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, राजपाल एंड संस एवं राजकमल प्रकाशन ने बाल विज्ञान संबंधी साहित्य का प्रकाशन किया। इनके अतिरिक्त दैनिक-पत्रों, साप्ताहिक-पत्रों में भी बाल विज्ञान कथा साहित्य का लेखन शुरू हुआ।

सातवें दशक में शकुन प्रकाशन, शिक्षा भारती, दिल्ली और साहित्य निकेतन कानपुर ने भी बाल विज्ञान कथाओं का प्रकाशन किया। इनमें मौलिक लेखन व अनुवादित साहित्य प्रकाशित हुआ। महान वैज्ञानिक एवं उनकी वैज्ञानिक खोजों पर ही विज्ञान लेखन रहा। सत्तार के दशक में आगे

बढ़ने का हौसला बाल पत्रिकाओं ने ही किया। ये पत्रिकाएँ बाल भारती, बालसखा एवं पराग थी। आठवें दशक में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा बाल विज्ञान कथाएँ एवं यात्राएँ प्रकाशित हुई।

आज ऐसा बाल साहित्य प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हो रहा है जो बच्चों को संस्कारित करने के बजाय उनकी प्रवृत्तियों को विकृत कर रहा है। ऐसी पुस्तकें न केवल आज के बचपन को खोखला कर रही हैं अपितु देश के भविष्य को भी नष्ट कर रही है। प्रत्येक अभिभावक का यह कर्तव्य है कि वह बच्चें को अच्छी पुस्तकें उपलब्ध कराये व यह जाने की बच्चा क्या पढ़ रहा है? बच्चों के साहित्य से संबंधित गोष्ठियों, काव्य-समारोह व वाद- विवाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाना चाहिए। बाल शिक्षण के कार्य में लगी सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को भी बाल साहित्य की अभिवृद्धि के लिए योजनाबद्ध प्रयासों का क्रियान्वयन करना होगा। समाज में हो रहे विकास और वैज्ञानिक प्रगति के साथ बच्चों का सतत् समन्वय बनाए रखने और उन्हें पर्याप्त मात्रा में मानसिक खुराक देते रहने के लिए नित नये और स्तरीय बाल साहित्य के सृजन की आवश्यकता सदैव बनी रहेगी।

निष्कर्ष - आज के वैज्ञानिक युग में बच्चे पौराणिक कथा कहानियों और अंधविश्वासों से ऊपर उठ विज्ञान और वैज्ञानिक सोच के ज्यादा निकट आ गए हैं। वर्तमान समय में बच्चों की सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति के संबंध में जानकारी चमत्कृत कर देने वाली है। यह संचार क्रांति धीरे-धीरे जीवन का अभिन्न अंग बनती जा रही है। सूचना क्रांति के संवाहक फैक्ट, टी.वी., सैटेलाइट, टेलीफोन, इंटरनेट, ई-मेल, मल्टीमीडिया, मोबाइल, वीडियो फोन जैसे उपकरणों को बच्चे जानते हैं। जिस कारण बाल साहित्य में वैज्ञानिक चेतना का समाहार अभियुगीन आवश्यकता बन चुका है, किंतु यह सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीक आज बाल साहित्यकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। कहीं यह नयी व्यवस्था बच्चों को संवेदनहीन न कर दे।

बच्चे बाल साहित्य में रुचि ले इसके लिए अपरिहार्य है कि बाल साहित्य सस्ता, सुलभ, रोचक, चिंताकर्षक व प्रकाशन की दृष्टि से उत्कृष्ट कोटि का हो। मीशन के रूप में अधिकाधिक प्रतियोगिताओं व प्रतिस्पर्धाओं द्वारा बाल साहित्य की प्रायरू सभी विधाओं में पर्याप्त बाल साहित्य का प्रकाशन कराया जाये जो विज्ञान के इस युग में बच्चों की आकांक्षाओं व जिज्ञासाओं के अनुकूल हो। घिसा- पिटा या एक ही लीक पर चलने वाला बाल साहित्य न तो आज के बच्चों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और न ही बच्चे उसे पसंद करेंगे। निरंकार देव सेवक के शब्दों में 'बच्चों की जिज्ञासाओं, भावनाओं और कल्पनाओं को अपना बनाकर उनकी दृष्टि से ही दुनिया को देखकर जो साहित्य बच्चों के लिए सरल भाषा में लिखा जाए वही बच्चों का अपना साहित्य होता है।[18] आज का बाल साहित्यकार बच्चों का दोस्त बन उनके सुख-दुख का, उनकी उत्सुकताओं और कठिनाइयों का यानि उनके सब कुछ का भागीदार होता है।

वैज्ञानिक बाल साहित्य विज्ञान की ही प्रगति का परिणाम है। हिंदी बाल कथा साहित्य में वैज्ञानिक दृष्टि विकसित करने वाले विज्ञानपरक साहित्य ने बच्चों को रोचक व मनोरंजक साहित्य प्रदान करते हुए उसकी लाभ और हानि से अवगत करवाया है। इस प्रकार बाल कथा साहित्य में विज्ञान कथाएँ तथा विज्ञान फंतासी अपने-अपने कलेवर में बच्चों को विज्ञान के साथ जोड़ उनकी सोच को परिपक्व करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बाल गीत साहित्य: निरंकार देव सेवक (प्रस्तावना भाग से), किताब महल इलाहाबाद, 1966
2. हिंदी बाल साहित्य एक अध्ययन, हरिकृष्ण देवसरे, आत्माराम एंड सन्स, दिल्ली, 1969, पृष्ठ संख्या 5
3. हिंदी बाल साहित्य एक अध्ययन हरिकृष्ण देवसरे, आत्माराम एंड सन्स,दिल्ली, 1969 प्रश्न संख्या 7
4. हिंदी बाल साहित्य एक अध्ययन हरिकृष्ण देवसरे, आत्माराम एंड सन्स,दिल्ली, 1969 प्रश्न संख्या 7
5. हिंदी बाल साहित्य कुछ पड़ाव, दिविक रमेश, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार 2015, पृष्ठ संख्या 148
6. हिंदी बाल साहित्य कुछ पड़ाव, दिविक रमेश, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार 2015, पृष्ठ संख्या 8
7. जैन, अभिनेय कुमार, हिंदी बाल साहित्य: प्राचीन एवं आधुनिक दृष्टि, नीरज बुक सेंटर, दिल्ली, 2009 पृष्ठ संख्या 118-119
8. कालरा, डॉ. शकुंतला, हिंदी बाल साहित्य विधा-विवेचन, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ संख्या 531
9. संपादक, यादव, उषा एवं सिंह, राजकिशोर, हिंदी बाल साहित्य और बाल विमर्श, सामयिक प्रकाशन 2014, पृष्ठ क्रमांक 282
10. यादव, उषा एवं सिंह, राजकिशोर, हिंदी बाल साहित्य और बाल विमर्श, सामयिक प्रकाशन 2014, पृष्ठ संख्या 220
11. भारतीय बाल साहित्य का इतिहास, जय प्रकाश भारती, हिंदी बुक सेंटर, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ संख्या 250
12. आजकल, नवंबर 2016 संपादक फरहत परवीन पृष्ठ संख्या 6
13. देवसरे, डॉ. हरिकृष्ण, बाल साहित्य मेरा चिंतन, मेधा बुक्स, दिल्ली 2002, पृष्ठ संख्या 87
14. भारतीय बाल साहित्य संपादक, हरिकृष्ण देवसरे, साहित्य अकादमी नई दिल्ली, 2016, पृष्ठ संख्या 592
15. भारतीय बाल साहित्य का इतिहास, जयप्रकाश भारती हिंदी बुक सेंटर, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ संख्या 204
16. भाषा मई- जून 2007 पृष्ठ संख्या 90
17. भारतीय बाल साहित्य संपादक, हरिकृष्ण देवसरे, साहित्य अकादमी नई दिल्ली, 2016, पृष्ठ संख्या 591
18. हिंदी बाल साहित्य कुछ पड़ाव, दिविक रमेश, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार 2015, पृष्ठ संख्या 8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ई-कॉमर्स और मानव संसाधन प्रबंधन

डॉ. मोनिका जैन* संजय सिंह गहलोत**

* एसोसिएट प्रोफेसर, एसजीएस कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर, एसजीएस कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स तकनीकें काम के संचालन के तरीके को बदल रही हैं और इस प्रकार संगठनों द्वारा अपने मानव संसाधन कार्यों को प्रबंधित करने के तरीके पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं । काम और रोजगार पर आईटी के प्रभाव के बावजूद शोध का विषय रहा है, इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स और काम के संगठन और मानव संसाधन प्रबंधन पर इसके प्रभाव पर बहुत कम ध्यान दिया गया है।

यह पेपर मौजूदा साहित्य की जांच करता है कि कैसे ई-कॉमर्स तकनीक ने कार्यस्थल प्रबंधन को आकार दिया है। यह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में सामना किए जाने वाले व्यावसायिक दबावों के संदर्भ में इन परिवर्तनों की पहचान करने और समझने के लिए एक वैचारिक रूपरेखा प्रस्तावित करता है।

शब्द कुंजी – ई कॉमर्स, मानव संसाधन, कार्यस्थल प्रबंधन।

प्रस्तावना – विशेषज्ञ उन विशेषताओं पर बात करते हैं जो एक मानव संसाधन पेशेवर को तेज गति वाले ई-कॉमर्स में सफल होने के लिए होनी चाहिए पर्यावरण। भारत के उच्च दबाव वाले ई-कॉमर्स उद्योग में एक मानव संसाधन पेशेवर बनना मुश्किल हो सकता है।चूंकि ऐसी अधिकांश कंपनियां स्टार्ट-अप हैं, इसलिए उपयुक्त प्रतिभा को आकर्षित करना और इसकी विविधता का प्रबंधन करना मुश्किल है।

एक भर्ती अधिकारी का कहना है कि चूंकि स्टार्ट-अप में नौकरियां अब सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सीमित नहीं हैं, इसलिए काम का दायरा एक मानव संसाधन पेशेवर के लिए कर्मचारियों को संतुष्ट और प्रेरित रखना षविशालष है। स्टार्ट-अप के भीतर, हम काम कर रहे हैंचौबीस घंटे. इससे एचआर के लिए ऐसा माहौल बनाना महत्वपूर्ण हो जाता है, जो घर जैसा लगता हो।इसके अलावा गैर-मौद्रिक कार्य में नियमित रूप से अच्छे कार्य को मान्यता देना और प्रोत्साहित करना तथा मनोबल बढ़ाना पुरस्कार और मान्यता के रास्ते आवश्यक हो गए हैं।

संगठन में व्यापक विविधता के कारण ई-कॉमर्स में एचआर एक चुनौतीपूर्ण पोर्टफोलियो है। इसके आधार पर नवीनता और उद्यमशीलता अनुभव के कारण, ई-कॉमर्स स्टार्ट-अप पारंपरिक उद्योगों से विविध प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहे हैं। यह प्रतिभा जिस क्षेत्र में प्रवेश कर रही है, उसके संदर्भ में यह उच्च जागरूकता क्षेत्र में हो भी सकती है और नहीं भी। यह बिल्कुल सही है ई-कॉमर्स में एक मानव संसाधन पेशेवर के लिए विभिन्न उद्योगों की मजबूत समझ होना आवश्यक है, उनकी प्रतिभा परिदृश्य और वे ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र से कैसे जुड़ते हैं।

फैशन एंड यू में एचआर और प्रशासन प्रमुख समीर सूद कहते हैं कि एचआर प्रोफेशनल में योग्यता होनी चाहिए ! ई-कॉमर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए व्यावसायिक निर्णयों में सक्रिय भागीदारी का अनुभव। व्यक्ति के पास होना भी चाहिए बड़ी तस्वीर को देखने और सभी में मानव संसाधनों के निरंतर सुधार और अनुकूलन के लिए प्रयास करने की क्षमता प्रक्रियाएँ।

ई-कॉमर्स उद्योग के लिए सात महत्वपूर्ण मानव संसाधन विशेषताएँ:

1. 'एक टीम, एक लक्ष्य' की भावना पैदा करने की क्षमता रखने वाला टीम प्लेयर।
2. विभिन्न उद्योगों, उनकी प्रतिभा परिदृश्यों की मजबूत समझ और उन्हें ई के साथ कैसे जोड़ा जाए वाणिज्य पारिस्थितिकी तंत्र।
3. व्यावसायिक निर्णयों में सक्रिय भागीदारी की योग्यता एवं अनुभव।
4. सही लोगों के साथ सही समय पर सही तरीके से सही संचार करने की क्षमता।
5. सभी प्रक्रियाओं में हर समय लगातार सुधार और अनुकूलन।
6. बदलती व्यावसायिक स्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता और क्षमता।
7. बड़े चित्र को देखने की क्षमता।

ई-कॉमर्स उद्योग में निश्चित रूप से भारत के अन्य क्षेत्रों की तुलना में बहुत अधिक संभावनाएं हैं जहां इसका महत्व बढ़ रहा है एचआर और सिस्टम देखे जा सकते हैं। हम ज्यादातर युवा वर्ग को ईकॉमर्स स्टार्टअप्स का अनुसरण करते हुए देख सकते हैं क्योंकि यह उन्हें ऑफर करता है अच्छा वेतन और जीवन शैली वांछित है, लेकिन सही प्रतिभा प्राप्त करना अभी भी चुनौती बनी हुई है, यहां तक कि ईकॉमर्स में भी स्टार्टअप। हम इससे सामरिक रूप से निपटने के लिए मानव संसाधन समाधानों को स्वचालित करना चुन सकते हैं।

बिजनेस की दुनिया तेजी से बदलती है. नई तकनीक पेश की जाती है, कर्मचारी आते हैं और जाते हैं, और कंपनी के वित्त में उतार-चढ़ाव होता है। एचआर की भूमिका बदलाव के लिए कंपनी को स्थिर करने में मदद को कम करके नहीं आंका जा सकता। बदलाव की योजना बनाने का अर्थ है कर्मचारियों की मदद करना कंपनी की व्यापक तस्वीर में उनकी भूमिका को

समझें। यह विभागों के बीच पुल बनाने के बारे में है प्रबंधकों और लोगों को 'क्या होगा अगर' स्थितियों के बारे में बात करने के लिए प्रेरित करना। एचआर यह जानकारी लेता है और एक विकसित करता है आपदाओं के लिए प्रबंधन योजना, वर्कफ्लो में बदलाव के लिए और संकट के समय में कर्मचारियों को आश्वस्त करने के लिए भयावह परिवर्तन।

ई-मानव संसाधन के तत्व – ई-एचआरएम नेटवर्किंग और दोनों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का (योजना, कार्यान्वयन और) अनुप्रयोग है मानव संसाधन गतिविधियों के साझा प्रदर्शन में कम से कम दो व्यक्तिगत या सामूहिक कलाकारों का समर्थन करना।

ई-चयन – किसी विशिष्ट नौकरी के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार और मूल्यांकन करने और रोजगार के लिए किसी व्यक्ति का चयन करने की प्रक्रिया कुछ मानदंडों के आधार पर कर्मचारियों का चयन बहुत ही सरल प्रक्रिया से लेकर बहुत जटिल प्रक्रिया तक हो सकता है कंपनी की नियुक्ति और पद पर निर्भर करता है। कुछ रोजगार कानून जैसे भेदभाव-विरोधी कानून अवश्य होने चाहिए कर्मचारी चयन के दौरान पालन किया गया.

ई-भर्ती – ई-भर्ती, जिसे ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी जाना जाता है, प्रौद्योगिकी और विशेष रूप से वेब-आधारित का उपयोग करने की प्रथा है नए कर्मियों को खोजने, आकर्षित करने, मूल्यांकन करने, साक्षात्कार लेने और भर्ती करने से जुड़े कार्यों के लिए संसाधन। ई-भर्ती का उद्देश्य इसमें शामिल प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के साथ-साथ कम करना भी है महँगा। ऑनलाइन भर्ती संभावित कर्मचारियों के एक बड़े समूह तक पहुंच सकती है और चयन प्रक्रिया को सुविधाजनक बना सकती है। कॉर्पोरेट वेबसाइट या अन्य स्थानों के माध्यम से काम करने के लिए वांछनीय स्थान के रूप में किसी संगठन का ऑनलाइन प्रचार, ई-भर्ती का एक तत्व है। ई-भर्ती सॉफ्टवेयर और सिस्टम स्टैंडअलोन एप्लिकेशन, उत्पाद के रूप में उपलब्ध हैं सुइट्स और सेवाएँ। एक भर्ती प्रबंधन प्रणाली एक एकीकृत उत्पाद सूट या पोर्टल है जो सुव्यवस्थित करती है और शामिल प्रक्रियाओं को स्वचालित करता है।

ई-प्रशिक्षण – स्लोमन की परिभाषा आगे कहती है,'प्रशिक्षण संगठन के क्षेत्र में है: यह एक हस्तक्षेप है ऐसे व्यक्तियों से व्यवहार उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया गया है जिनके सकारात्मक संगठनात्मक परिणाम हैं।' फिर वह सीखने को परिभाषित करता है 'किसी के सामान्य व्यवहार पैटर्न और आदतों को बदलने में शामिल शारीरिक और मानसिक प्रक्रिया' के रूप में। 'सीखना', उनका दावा है, यह प्रशिक्षण से अलग है क्योंकि यह ष्व्यक्ति के अधिकार क्षेत्र में आता है।

ई-लर्निंग – ई-लर्निंग इलेक्ट्रॉनिक लर्निंग है, और आम तौर पर इसका मतलब किसी पाठ्यक्रम का आंशिक या संपूर्ण भाग वितरित करने के लिए कंप्यूटर का उपयोग करना है चाहे वह किसी स्कूल में हो, आपके अनिवार्य व्यावसायिक प्रशिक्षण का हिस्सा हो या पूर्ण दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम हो। शुरुआती दिनों में इसे खराब प्रेस मिला, क्योंकि कई लोगों ने सोचा था कि कक्षा में कंप्यूटर लाने से ऐसा होगा उस मानवीय तत्व को हटा दें जिसकी कुछ शिक्षार्थियों को आवश्यकता होती है, लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा है प्रौद्योगिकी विकसित हुई है, और अब भी हम कक्षा और कार्यालय में स्मार्टफोन और टैबलेट को अपनाते हैं, साथ ही ढेर सारे इंटरैक्टिव डिजाइन का भी उपयोग करते हैं दूरस्थ शिक्षा को न केवल उपयोगकर्ताओं के लिए आकर्षक बनाता है, बल्कि पाठ वितरण माध्यम के रूप में मूल्यवान बनाता है।

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ साझेदारी बनाना और इसे एक समर्पित अनुभवी तकनीकी के साथ जोड़ना टीम और सहयोगी स्टाफ, वर्चुअल कॉलेज उत्तम मिश्रित शिक्षण वातावरण प्रदान करता है, जो किसी को भी प्रदान करता है अपने ऑनलाइन प्रशिक्षण को अगले स्तर तक ले जाने का मौका।

ई-निष्पादन मूल्यांकन – ई परफॉर्मेंस एक कार्यात्मक, व्यावहारिक और प्रभावी प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली है। यह प्रबंधकों का मार्गदर्शन करता है संपूर्ण प्रदर्शन मूल्यांकन प्रक्रिया, रिकॉर्ड और समय-सीमा बनाए रखना। ई प्रदर्शन प्रबंधकों और दोनों को सुनिश्चित करता है कर्मचारी अत्यधिक कुशल और उत्पादक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रक्रिया से अधिकतम लाभ उठाते हैं।

ई-मुआवजा – ई-मुआवजा प्रणाली वे सॉफ्टवेयर पैकेज हैं जो कंपनियों द्वारा खरीदे या विकसित किए जाते हैं और हैं कंपनी के इंट्रानेट या इंटरनेट के माध्यम से पहुंच योग्य, जिस तक सभी कर्मचारी पहुंच सकेंगे. कहीं से भी ब्राउजर के जरिए (इंटरनेट के मामले में)। वे मुख्य रूप से प्रभावशीलता और दक्षता में योगदान करते हैं

तीन तरीके:

1. किसी विशेष आईटी बुनियादी ढांचे जैसी किसी भी आवश्यकता के बिना जानकारी तक आसान पहुंच ज्ञान
2. कर्मचारियों के लिए विस्तृत मुआवजे की जानकारी की चौबीसों घंटे उपलब्धता, प्रबंधकों और मानव संसाधन पेशेवरों (निर्णय समर्थन के लिए) इंटरैक्टिव तरीके से उनकी साख के अनुसार
3. वर्कफ्लो कार्यक्षमता और वास्तविक समय की शुरूआत के माध्यम से बोझिल नौकरशाही कार्यों को सुव्यवस्थित करना लागत-प्रभावी तरीके से सूचना प्रसंस्करण।

ई-एचआरएम लक्ष्य – ई-एचआरएम को मानव संसाधन विभाग के ग्राहकों (कर्मचारियों और दोनों) को सेवाओं में सुधार करने की क्षमता प्रदान करने के रूप में देखा जाता है प्रबंधन), मानव संसाधन विभाग के भीतर दक्षता और लागत प्रभावशीलता में सुधार, और मानव संसाधन को एक बनने की अनुमति देता है संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने में रणनीतिक भागीदार। भर्ती पहलू कंपनियों में कर्मचारियों की भर्ती के लिए कई वेबसाइटें हैं भारत में कुछ लोकप्रिय और महत्वपूर्ण वेबसाइटें नीचे सूचीबद्ध हैं वे हैं

1. jobsahead.com
2. monsterindia.com
3. careerindia.com
4. placementindia.com
5. jobsearch.
6. rediff.com
7. bestjobsindia.in
8. jobzing.com
9. cybermediadice.com
10. Careerjet.co.in

निष्कर्ष – ई-एचआरएम मानव संसाधन प्रक्रियाओं को स्वचालित और समर्थन करने के लिए एक वेब-आधारित उपकरण है। ई-एचआरएम का कार्यान्वयन एक है कर्मचारी को डेटा प्रविष्टि सौंपने का अवसर। ई-एचआरएम एचआर बाजार और ऑफर के उपयोग की सुविधा प्रदान करता

है कर्मचारियों को अधिक स्व–सेवा। ई– एचआरएम (इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) एडवांस बिजनेस है समाधान जो सभी प्रक्रियाओं, गतिविधियों, डेटा आदि के प्रबंधन में पूर्ण ऑनलाइन सहायता प्रदान करता है

The viciousness of the grandfather and his mother not only takes away the life of the girl but also ruins the life of the boy who was very much attached to his sister Tara. "Tara" gives us a glimpse into the modern society which claims to be liberal and advanced in its thought and action, but in reality, it seems to be very conservative. It is revealed in the play that a decision taken by the mother left Tara crippled for life. Having proved wrong in her decision, Bharati tries to shed her burden of guilt by showing maternal love and concern for her daughter and to assert her moral superiority over her husband Patel. Bharati uses her love for Tara as a weapon against Patel as well as an expression of her desire to compensate to Tara. Tara is also taken up by her mother's concern and love because she was unaware of the fact that her loving mother was responsible in destroying her dreams. Bharati imposes her sense of regret on Rupa too when she bribes her to be her daughter's companion. The conversation between Bharati and Rupa shows that Bharati is ready to do anything for the sake of Tara's happiness: "You can watch whatever you want! Just be my Tara's friend" (341).

Bharati's sense of regret is so deep that she agrees to donate her kidney to her daughter so that she may survive for a few more years. In a conversation with her son, she

tells him: "I plan to give her happiness, I mean to give her all the love and affection which I can give. It's what she… deserves. Love can make up for a lot" (349). Mrs. Patel's internal turmoil is so strong that it often comes out in her relationship with her husband where she is perpetually complaining about something or the other. The affluence of Mrs. Patel's father has always been a bone of contention between Mr. and Mrs. Patel. Bharati's father, a powerful and rich politician, determined about the operation in which the leg was to be given to Chandan instead of Tara. Bharati's father showed his indulgence for male grandchild by leaving his property after his demise to Chandan and not a single penny to Tara. He has been a consistent upholder of values pertaining to males. Patel's attitude has also been negative because he remained a mute observer of the whole affair. He continuously favours Chandan to give him higher education abroad. Tara is discouraged openly, notwithstanding her feelings in the matter, even though she is more intelligent, sharp and witty. It is only when Chandan refuses to go to college without her, Patel thinks of sending Tara too. But Tara refuses to fill the forms for college.

Tara being a girl has been taken for granted by Patel and all his expectations and dreams rested on Chandan whereas Chandan has been shown a boy of a different mentality. When he finally comes to know about the injustice done towards Tara by their parents and grandfather, he is filled with self-guilt and takes up the burden solely on his own shoulders. His sense of trauma and anguish is so intense that at the end of the play, Chandan apologizes to Tara in the most moving of all the lines: "Forgive me, Tara. Forgive me, for making it my tragedy" (380).

Tara was enthusiastic and full of gest and spark of life. She had high aspirations which she could not accomplish because of her handicapped state. If she had been given moral support by her parents, she might have shone like a 'star' as her name justifies. She could have been a source of cheerfulness and happiness of the family but her potentiality was sacrificed on the altar of gender. Rupa's joke about how the Gujarati is used to drown their infant daughters in the milk comes out to be true in the end. Tara is sacrificed because she was a girl and had no right to have a better life than her brother. Tara (star) does not twinkleon the Indian sky because she is not allowed to shine. Tara is killed by the socio-cultural system, which controls the minds and actions of the people. Like men, women also need space to breathe freely and flourish. Mahesh Dattani has tried to show this by bringing in Dr. Thakkar as a social element in the play. He belied his godly profession and led himself to be bribed by Bharati's father.

Conclusion: The play presents a mirror to the Indian society to see its true face. The tragic events depicted in the play are the tragic actions belonging to everyday life. The play also enlightens that no matter how much a girl outshines a boy, she will remain in the background and can never be given high pedestal. The idea of a complete girl child and an incomplete male-child is so shocking that sacrifice of the girl-child is acceptable than a handicapped male-child. And it is very pathetic to read that Bharati, being an educated mother, showed such discrimination towards the female-child. If she had not shown indulgence for the male-child and had done justice with her female childthen both the children would have happily flourished and established themselves in the world. The whole set-up of the play presents Dattani's world where he picked up various characters from the society and displays the fiery issues of today. In the play "Tara", Dattani raises only the questions related to gender and social stratification, and hierarchy and sexuality and also presents the prevalent gender biases in the society. But Dattani does not provide any solution to these problems: he only removes the veil and exposes it in its most bitter form in his famous play "Tara".

References:-

1. Acharya, Shri Nitin B. "Mahesh Dattani's Tara- A Feminist Study,"*Asian Journal of Multidimensional Research*, Volume-1, Issue- 3, August 2012, ISSN: 2278-4853, pp 87-93.
2. Bhatnagar, Manmohan K., ed. *Feminist English Literature*. Atlantic Publishers and Distributors, 1999.
3. Dattani, Mahesh. *Collected Plays*. Penguin, 2000.
4. Halder, Santwana. MaheshDattani's *Tara: A Critical Study.* Prestige International, 2009.
5. Iyengar, K.R.S. *Indian Writing in English*.Sterling, 1985.
6. Velmani, Dr. (Mrs.) N. "Drama in Indian Writing in English: Tradition and Modernity", *Language in India*. Volume-13 Issue- 6, June 2013, ISSN: 1930-2940.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शासकीय गोदामों में भण्डारण और खराबे का आर्थिक विश्लेषण (उज्जैन संभाग के संदर्भ में एक अध्ययन)

डॉ. मनु गौतम* लवकुश पाटीदार**

* एसोसिएट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) म. प्र. सामजिक शोध संस्थान, भरतपुरी, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान, भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र गेहूँ और चावल के शासकीय गोदामों के भण्डारण के विशेष संदर्भ में किया गया है। मध्यप्रदेश और भारत के लिए महत्व रखता है गेहूँ उत्पादन में मध्यप्रदेश का पहला स्थान है। प्रदेश के 35.49 लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूँ की खेती की जाती है। मध्य प्रदेश में गेहूँ अक्टूबर–नवम्बर में बोया जाता है तथा मार्च–अप्रैल में तैयार हो जाने पर फसल काट ली जाती है। गेहूँ की खेती मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग में होती है। प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में ताप्ती और नर्मदा, तवा, गंजाल, हिरण आदि नदियों की घाटियों और मालवा के पठार की काली मिट्टी के क्षेत्रों में सिंचाई के द्वारा गेहूँ पैदा किया जाता है। प्रदेश के होशंगाबाद, सीहोर, विदिशा, जबलपुर, गुना, सागर, ग्वालियर, निमाड़, उज्जैन, इंदौर, रतलाम, देवास, मंदसौर, झाबुआ, रीवा और सतना जिलों में गेहूँ का उत्पादन मुख्य रूप से होता है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के 41 जिलों में चावल की खेती होती है। जिनमें से 2 जिले मध्यम उत्पादकता समूह के अंतर्गत हैं।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. शासकीय गोदामों में 2018 से 2024 तक गेहूं के भण्डारण, किराया शुल्क एवं खराबे का अध्ययन करना।
2. शासकीय गोदामों में 2018 से 2024 तक चावल के भण्डारण, किराया शुल्क एवं खराबे का अध्ययन करना।

निदर्शन तथा तथ्य संकलन– प्राथमिक तथ्य संकलन में उज्जैन संभाग के सात जिलो के शासकीय भण्डारगृहों को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक जिले से दो तहसील से दो–दो शासकीय भण्डारगृहों का चयन किया किया गया है जिसके अन्तर्गत कुल गोदाम की संख्या 28 हैं। उक्त गोदामों का व्यक्तिश: अवलोकन और फाईलों के माध्यम से प्राथमिक तथ्यों एवं जानकारी का संकलन किया गया है।

उज्जैन जिला – उज्जैन जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 1843.97 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 40.56 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 446.7 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 12.95 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मो हेतु 946.96 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 20.83 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 220.1 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 6.39 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 1815.31 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 39.93 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 447.6 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 12.99 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

मंदसौर जिला – मंदसौर जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 3663.09 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 80.58 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 887.3 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.73 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मो हेतु 1881.15 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 41.39 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 437.2 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 12.67 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 3606.15 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 79.33 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 889.1 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.78 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

नीमच जिला – नीमच जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 9250.79 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 203.52 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 2241 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 64.99 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मो हेतु 4750.65 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 104.51 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 1104 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 32.02 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 9106.98 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 200.35 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 2245 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 65.12 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

रतलाम जिला – रतलाम जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 9979.87 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 219.56 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 2417 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 70.1 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मो हेतु 5125.07 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 112.75 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 1191 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 34.54 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 9824.71 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 216.15 मिट्रिक टन का खराबा हुआ

और 2422 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 70.25 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

शाजापुर जिला – शाजापुर जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 2291.11 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 50.41 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 555 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 16.9 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मों हेतु 1176.58 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.89 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 273.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 7.93 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 2255.48 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 49.62 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 556.1 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 16.13 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

आगर मालवा जिला – आगर मालवा जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 3573.26 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 78.61 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 865.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.1 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मों हेतु 1835.02 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 40.37 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 426.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 12.37 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 3517.72 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 77.39 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 867.3 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.15 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

देवास जिला – देवास जिले के चयनित चार गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 3623.18 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 79.71 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 877.6 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.46 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मों हेतु 1860.65 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 40.93 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 432.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 12.55 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 3566.86 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 78.47 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 879.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.5 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

उज्जैन संभाग – उज्जैन संभाग के चयनित 28 शासकीय गोदामों में 2018 से 2024 तक पाँच वर्ष में खाद्य सुरक्षा हेतु 34225.27 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 752.95 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 8290.1 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 170.32 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। कृषक समूहों, व्यापारियों तथा फर्मों हेतु 17576.08 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 386.67 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 4084.8 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 83.93 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। सहकारी समितियों हेतु 30314.71 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 666.91 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 7473.63 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 146.52 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

निष्कर्ष – उज्जैन जिले में खाद्य सुरक्षा हेतु 1843.97 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 40.56 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और मंदसौर जिले में 3663.09 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 80.58 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 887.3 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.73 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। नीमच जिले में 9250.79 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 203.52 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 2241 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 64.99 मिट्रिक टन का खराबा हुआ रतलाम जिले में 9979.87 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 219.56 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 2417 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 70.1 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। शाजापुर जिले में 2291.11 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 50.41 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 555 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 16.9 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। आगर मालवा जिले में 3573.26 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 78.61 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 865.5 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.1 मिट्रिक टन का खराबा हुआ। देवास जिले में 3623.18 मिट्रिक टन गेहूँ संरक्षित किया गया था जिसमें से 79.71 मिट्रिक टन का खराबा हुआ और 877.6 मिट्रिक टन चावल संरक्षित किया गया था जिसमें से 25.46 मिट्रिक टन का खराबा हुआ।

सुझाव – यह सर्वविदित है कि कुल खाद्यान्न उत्पादन में सुधार की प्रक्रिया धीमी और महंगी है। इसलिए, प्रभावी खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम, मानव उपभोग के लिए उगाए और काटे गए अनाज को प्रभावी कीट प्रबंधन और वैज्ञानिक भंडारण द्वारा संरक्षित और संरक्षित करना है, और स्थानीय प्रसंस्करण विधियों में सुधार करके उपज के अंतर्निहित प्राकृतिक पोषण मूल्य को बनाए रखना है। अनाज भंडार में सुधार करके वर्तमान 10 प्रतिशत के नुकसान को कम किया जाए, तो देश हर साल तीन साल से अधिक उत्पादन इनपुट बचा सकता है। अनाज भंडारण हानि को कम करने की सभी रणनीतियों का आधार पर्यावरणीय कारकों – जैविक और भौतिक (तापमान और नमी) – का हेरफेर है, जो कीटों का सफाया कर देते हैं या ऐसे वातावरण को बढ़ावा देते हैं जो उनके अस्तित्व और गुणन के लिए प्रतिकूल है। नमी की मात्रा को दुनिया भर में अनाज हानि का सबसे बड़ा कारक माना जा सकता है। इस बात पर और ज़ोर दिया जाना चाहिए, जहाँ राष्ट्रीय अनाज भंडारण एजेंसियों को बहुत अधिक नमी वाला अनाज बड़ी मात्रा में प्राप्त होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वार्षिक प्रतिवेदन(2024)प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक),नई दिल्ली।
2. मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन (2024) 'प्रगति प्रतिवेदन,' उज्जैन संभाग, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन, मध्य प्रदेश शासन, उज्जैन, पृष्ठ 23

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रबंधकीय शिक्षा का रोजगार के अवसरों में योगदान

डॉ. अधिकेश राय* श्रीमती अन्नपूर्णिमा कोष्टा**

*** शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ठाकुर निरंजन सिंह शासकीय महाविद्यालय, गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – व्यक्तिपरक दृष्टिकोण से शिक्षा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक शक्तियों का विकास करती है और उसे स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन व्यतीत करने की कुंजी प्रदान करती है। पूर्व में उच्च शिक्षा प्राप्ति की अभिलाषा समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने तक ही सीमित थी। किन्तु वर्तमान युग में उच्च प्रबंधकीय व व्यावसायिक शिक्षा प्राप्ति की अभिलाषा समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने की इच्छा से जुड़ी हुई है। एक व्यक्ति अपने लिए उच्च शिक्षा की उपयुक्त शाखा व विषयों का चुनाव केवल अपनी अभिरूचि व योग्यता के आधार पर नहीं करता है बल्कि उसको रोजगार प्रदान करने वाली क्षमता व स्वरोजगार की संभावना पर भी विचार करता है। शिक्षा के संबंध में यही विचार प्रबंधकीय शिक्षा की अवधारणा को प्रतिपादित करता है। भारतीय समाज विविधतापूर्ण समाज है। यह सांस्कृतिक, तकनीकी, आर्थिक, राजनीतिक रूप से बदल रहा है और शिक्षा इन परिवर्तनों से प्रभावित है। चूंकि शिक्षा से मनुष्य को ज्ञान, दृष्टिकोण, मूल्य और कौशल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। इसलिए शिक्षा को और अधिक गतिशील एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

शब्द कुंजी – प्रबंधकीय व व्यावसायिक शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, आर्थिक विकास।

प्रस्तावना – भारत में वैदिक सभ्यताकाल से गुरूकुल पद्धति के रूप में विकसित शिक्षा प्रणाली में जहां एक ओर जीवन के लिए आवश्यक शिक्षा प्रदान की जाती थी, वहीं दूसरी ओर योग्यता आधारित रोजगारोन्मुखी आधारभूत शिक्षा अर्थात् व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाती थी। यह शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को इस योग्य बनाती थी कि वह स्वयं के अलावा परिवार, समाज एवं देश की समृद्धि में पर्याप्त योगदान कर सकता था। स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात् निरक्षर, निर्धन और अविकसित भारत के विकास हेतु महात्मा गांधी जैसे अर्थवेत्ताओं एवं शिक्षाविदों ने स्वावलंबन आधारित व्यावसायिक शिक्षा के विकास पर बल दिया परन्तु डिग्री आधारित सैद्धांतिक शिक्षा का विकास ही हावी रहा। जिससे स्वरोजगार विकास एक तरह से अवरूद्ध हुआ और रोजगार के अवसर कम उत्पन्न हुए। फलस्वरूप डिग्री धारकों / शिक्षित बेरोजगारों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। वर्ष 1987-88 से सम्पूर्ण देश में व्यावसायिक शिक्षा का क्रियान्वयन हुआ जिसका उद्देश्य 'राष्ट्रीय उत्पादकता में वृद्धि एवं व्यक्तिगत समृद्धि हेतु शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाना तथा कुशल मानव शक्ति की मांग एवं पूर्ति के बीच व्याप्त विषमता को कम करना है।'

मध्यप्रदेश में प्रबंधकीय शिक्षा का स्वरूप – वर्तमान समय के बदलते परिवेश में शिक्षा का स्वरूप एवं उसके दृष्टिकोण में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। आज की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान अर्जन करना या समझ विकसित करना नहीं है, वरन् शिक्षा नौकरी प्राप्त करने का एक साधन मात्र बनकर रह गई है। प्रत्येक विद्यार्थी यह मानकर स्कूल या कॉलेज में प्रवेश लेता है कि बी.ए. या एम.ए. उपाधि प्राप्त करने के बाद वह किसी शासकीय सेवा में जाने योग्य हो जायेगा। आज का विद्यार्थी नैतिक और व्यवहारिक शिक्षा के स्थान पर केवल उपाधि प्राप्त करना चाहता है। इसके लिए वह एक सीमित पाठ्यक्रम में बंधकर उपाधि प्राप्त करता है एवं शिक्षा के मूल उद्देश्य से भटकता जा रहा है। यदि वर्तमान संदर्भ में देखा जाये तो शिक्षा का स्वरूप पहले से अधिक व्यापक रूप में सामने आ रहा है।

साहित्य शिक्षा के साथ यदि कला कौशल का भी सम्मिश्रण रखा जाये और स्नातकों को किसी शिल्प का ज्ञान करा दिया जाये तो आर्थिक समस्याओं का सहज ही समाधान हो सकता है। आज के भौतिकवादी युग में प्रत्येक परिस्थिति से लड़ने के लिए हमारे नवयुवक तैयार हैं। इसके लिए आवश्यकता है उनमें क्षमता उत्पन्न करनी की। हमारा लक्ष्य तभी पूरा हो सकेगा जब हमारी शिक्षा इसके अनुकूल होगी अर्थात् शिक्षा की महिमामयी शक्ति के माध्यम से ही हम अपने उद्देश्य की पूर्ति करेंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें शिक्षा के व्यावसायिक आदर्श को स्वीकार करना होगा। प्रबंधकीय व व्यावसायिक शिक्षा में ही ऐसी क्षमता है जो हमारे किशारों और युवाओं में वह शक्ति उत्पन्न कर सकेगी जिसके आधार पर वे भौतिकवादी सभ्यता के अनुकूल अपने को सबल और सक्षम बना सकेंगे तथा प्रतिद्वंदिता के लिए तैयार हो सकेंगे।

शनै:शनै सामाजिक परिवर्तन और विज्ञान में प्रगति के कारण व्यक्तियों की मानसिकता में परिवर्तन आया है और परम्परागत शिक्षा का स्थान प्रबंधकीय व व्यवसायिक शिक्षा ने ले लिया है। इसमें व्यक्तिगत कौशल के आधार पर विद्यार्थियों को शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थी को अपने कौशल के आधार पर व्यवसाय की सुविधा उपलब्ध होगी। तकनीकी पाठ्यक्रमों की अधिकता होगी। विभिन्न प्रकार के प्रबंधकीय व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विकास किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान के स्थान पर कौशल को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में बायोकेमिस्ट्री, लाईफ साइंस तथा

अधिक लंबे कोर्स के स्थान पर छोटे एवं डिप्लोमा कोर्स का विस्तार किया जा रहा है, जिससे कम समय में ही विद्यार्थी के न केवल ज्ञान का विकास हो बल्कि उसके कौशल का भी विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

शिक्षा या उपाधि, लक्ष्य नहीं है, वरन् एक साधन मात्र है जिसके द्वारा विद्यार्थी अपने उद्देश्य की पूर्ति करता है। इसी प्रकार उपाधि एवं व्यवसाय के मध्य भी गहन अंर्तसंबंध होता है। यह संबंध प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, परस्पर तथा विलोम भी हो सकता है। वैदिक काल से शिक्षा की आरम्भिक स्थिति में केवल तीन विषयों का ही अध्ययन किया जाता था। ये थे गणित, भाषा और दर्शन। समय के साथ-साथ विभिन्न विषयों, उनमें विशेषज्ञता की मांग बढ़ते जाने के कारण विभिन्न प्रकार के विषय तथा संकाय बनते गए और उनमें लगातार वृद्धि होती रही। शिक्षा के प्रत्येक संकाय/क्षेत्र में उपाधि प्राप्त युवाओं की स्थिति को निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है :-

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

दण्डारेख



तालिका 1 एवं दण्डारेख के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1991 में जहां कला/मानिविकी क्षेत्र में उपाधि धारियों की संख्या 50.83 प्रतिशत थी वह क्रमबद्ध रूप से घटती हुई वर्ष 2020 में 17.31 प्रतिशत रह गई। जिसका मुख्य कारण कला/ मानिविकी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का कम होना प्रतीत होता है। इसी प्रकार वाणिज्य के क्षेत्र में जहां वर्ष 1991 में 9.21 प्रतिशत डिग्री धारी थे, जो वर्ष 2020 आते-आते 23.42 प्रतिशत हो गये अर्थात् वाणिज्य के क्षेत्र में 14.21 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हो रही है। साथ ही कृषि के क्षेत्र में उपाधि धारियों की संख्या जहां वर्ष 1991 में 1.67 प्रतिशत थी वहीं वर्ष 2020 में बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गयी है। इसका आशय यह है कि कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकी के ज्ञान और कृषि क्षेत्र में अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से कृषि के अध्ययन हेतु लोगों में जागरूकता उत्पन्न हुई। इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी व व्यावसायिक प्रबंधन के क्षेत्र में वर्ष 1991 में 12.28 प्रतिशत डिग्री धारी उपलब्ध थे, जबकि वर्ष 2020 में इनकी संख्या में आशातीत वृद्धि होते हुए 33.11 प्रतिशत हो गयी। इससे स्पष्ट होता है कि आई.टी. क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसरों ने लोगों को आकर्षित किया है। चिकित्सा के क्षेत्र में उपाधि धारियों की स्थिति का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वर्ष 1991 से वर्ष 2020 तक उपाधि धारियों की संख्या में घट-बढ़ देखा गया है। उपचर्या एवं अन्य उपाधि धारियों की स्थिति में भी वर्ष 1990 के बाद कुछ सुधार हुआ है।

मध्यप्रदेश में प्रबंधकीय शिक्षा में आये परिवर्तनों का अध्ययन - वर्तमान उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्विकरण के दौर में जहाँ एक ओर गलाकाट प्रतिस्पर्धा है, वहीं दूसरी और जीवन एवं नैतिक मूल्यों की रक्षा करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को वर्तमान प्रबंधकीय संस्थाओं के लिये उपयुक्त बनाने के साथ-साथ उनके आत्मिक विकास के लिये नैतिक मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार संयुक्त रूप से प्रबंधकीय शिक्षा में समय-समय पर परिवर्तन करती आ रही है। भारत में नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक मूल्यों का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे यहाँ गुरूकुल शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत धर्म ग्रंथों एवं नैतिक मूल्यों पर परिचर्चा आयोजित की जाती थी, जो विद्यार्थियों के नैतिक स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। वर्तमान परिदृश्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षा संस्थाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिसमें विदेशी विद्यार्थियों की संख्या भी बहुत अधिक मात्रा में है। उच्च रोजगार दिलाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जीवन मूल्यों का संरक्षण करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उच्च शिक्षा क्षेत्र की है।

मानव विकास की जय-यात्रा में शिक्षा की भूमिका सर्वोपरि है। शिक्षा में प्रारंभ से ही विकासमूलक परिवर्तन हुए हैं और मनुष्य मात्र तक इसकी पहुँच हो सके इसके लिये इतिहास में प्रयोग भी होते ही रहे हैं। वर्तमान समय में आर्थिक और तकनीकी विकास के कारण होने वाले लाभों से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने के लिये एक सुनियोजित और समन्वित प्रयास की जरूरत है।

उच्च शिक्षा का प्रायोजन व्यक्ति के जीवन में उच्च मूल्यों के विकास से जुड़ा है। इसके लिये अध्ययन-अध्यापन का प्रबंधन करने वाले सभी हितग्राहियों के समेकित प्रयास की जरूरत है। अकेले विद्यार्थी या प्राध्यापक अथवा अभिभावक के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिये समुचित दिशा-दर्शन की आवश्यकता महसूस की जा रही है जिससे प्रेरित होकर एकांगी विकास की अवधारणा के विपरीत सामूहिक रूप से नैतिक विकास की नींव डाली जा सके। तेजी से बदल रही दुनिया के साथ ही शैक्षणिक जगत में भी परिवर्तन की लहर है। नयी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में नये संस्थान खोले गये हैं जिनमें और नित नये पाठ्यक्रमों की माँग भी बढ़ रही है। आवश्यकता इस बात की भी है कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिये संधारणीय विकास के साथ-साथ हमारी चेतना में गुणात्मक विकास भी संभव हो सके।

मध्यप्रदेश में प्रबंधकीय शिक्षा में परिवर्तन प्रमुख रूप से वर्ष 1990 के पश्चात् देखा गया है। इसके पूर्व प्रदेश में मात्र 4-5 विश्वविद्यालय संचालित थे जहां बी.बी.ए. एवं एम.बी.ए. पाठ्यक्रय संचालित किए जाते थे। जिनमें जीवाजी विश्वविद्यालय, इंदौर, देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय ग्वालियर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर एवं डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर तथा बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल प्रमुख थे। किन्तु वर्ष 1990 के पश्चात् प्रबंधकीय शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2022 तक प्रबंधकीय शिक्षा से संबंधित 50 शासकीय व निजी क्षेत्र की महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गए। प्रबंधकीय शिक्षा में आये परिवर्तनों को योजनाकाल के दौरान उच्च शिक्षा के विकास के माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है।

राज्यवार स्थिति के अवलोकन उपरांत मध्यप्रदेश के जिलों में संचालित प्रबंधकीय शिक्षा से जुड़े संस्थानों का अध्ययन निम्न तालिका में किया

गया है।

तालिका क्रं. 2: मध्यप्रदेश में प्रबंधकीय शिक्षा संस्थानों की स्थिति (जिलावार)

क्रं.	जिले का नाम	प्रबंधकीय शिक्षा संस्थानों की संख्या
1.	भोपाल	18
2.	इंदौर	10
3.	ग्वालियर	10
4.	जबलपुर	06
5.	उज्जैन	06
6.	छिंदवाड़ा	04
7.	रीवा	04
8.	सागर	03
9.	सतना	03
10.	मंदसौर	02
11.	नीमच	02
12.	सिहोर	02
13	बालाघाट	01
14.	बड़वानी	01
15.	भिण्ड	01
16.	छतरपुर	01
17.	डिंडोरी	01
18.	हरदा	01
19.	कटनी	01
20.	नरसिंहपुर	01
21.	रतलाम	01
22.	शहडोल	02
23.	शाजापुर	01
24.	श्योपुर	01
25.	होशंगाबाद	03
26.	बीना	02
27.	बैतूल	02
	योग	33

स्रोत:-https://bschool.careers360.com/colleges.

उपर्युक्त तालिका के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्तमान मध्यप्रदेश के 55 जिलों में से 27 जिलों में प्रबंधकीय शिक्षा के अंतर्गत बी.बी.ए. व एम.बी.ए. पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें से सबसे अधिक संख्या भोपाल में 18, इंदौर में 13, ग्वालियर में 10, जबलपुर में 06, छिंदवाड़ा में 03, रीवा में 04, सागर में 03, सतना में 03, मंदसौर, नीमच, सिहोर, शहडोल, बीना, बैतूल में 02-02 तथा अन्य जिलों में 01-01 संस्था संचालित है। इस प्रकार देखा जाये तो अभी भी 28 ऐसे जिले हैं जहां प्रबंधकीय शिक्षा संस्थान संचालित नहीं है अथवा विद्यार्थियों की पर्याप्त संख्या न होने के कारण बंद हो चुके हैं।

प्रदेश के 90 प्रबंधकीय संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया में पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में काफी परिवर्तन हुआ है। पूर्व में प्रबंधकीय शिक्षा में प्रवेश हेतु कोई पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं की जाती थी, केवल स्नातक के अंकों के आधार पर गुणानुक्रम सूची तैयार कर विद्यार्थियों को प्रवेश दे दिया जाता था, किन्तु वर्तमान में प्रबंधन के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने हेतु स्नातकोत्तर (एम.बी.ए.) कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त करने के लिए नेशनल टेस्ट एजेंसी द्वारा Common Management Admission Test, (CMAT), Management Aptitude Test (MAT), Common Admission Test (CAT) आदि प्रारम्भिक परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इन प्रारम्भिक परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के मेरिट अंकों के आधार पर संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाती है।

2011 तक, भारत में प्रबंधन कार्यक्रमों के लिए कई प्रवेश परीक्षाएँ थीं। इनमें CAT, JMET XAT, Gitam, SAT, NMAT, SNAP, MAT, राज्य-विशिष्ट परीक्षाएँ, चइअ संस्थानों के प्रबंधन संघों द्वारा आयोजित परीक्षाएँ और निजी कॉलेजों द्वारा आयोजित परीक्षाएँ शामिल थीं। AICTE (All India Council for Technichal Education) ने कई परीक्षाओं में भाग लेने के लिए छात्रों के बोझ (शारीरिक, मानसिक और वित्तीय तनाव) को कम करने के लिए CMAT की शुरुआत की।

वर्ष 2015 तक सीमैट का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता था, लेकिन एआईसीटीई ने यह परीक्षा वर्ष में एक बार जनवरी के तीसरे रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इन प्रारम्भिक परीक्षाओं में देश, प्रदेश के नहीं अपितु विदेशों में रहने वाले छात्र/छात्रायें भी सहभागिता करते हैं। मध्यप्रदेश के लाखों की संख्या में विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं जबकि मध्यप्रदेश में प्रबंधकीय शिक्षा संस्थाओं में उपलब्ध सीट संख्या लगभग 22000 है। वर्तमान में प्रबंधकीय शिक्षा की मांग को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकता है कि इन संस्थानों में प्रवेश हेतु सीट संख्या में वृद्धि की जाये ताकि विद्यार्थियों को प्रबंधकीय शिक्षा स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सके।

निष्कर्ष - निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि उपाधि तथा व्यवसाय के मध्य संबंध मांग तथा पूर्ति के सिद्धांत पर आधारित रहा है। पूर्ति की प्रक्रिया में लगने वाला समय तथा मांग में असमय होने वाले परिवर्तन इन क्षेत्रों में बेरोजगारी के रूप में सामने आते हैं। उपाधि प्राप्त करने का प्राथमिक दृष्टिकोण पूर्व में व्यवसाय या नौकरी प्राप्त करना ही रहा है। लगभग 25 वर्ष पूर्व तक यह स्थिति थी कि कोई भी उपाधिधारी व्यक्ति स्वत: ही रोजगार प्राप्त कर लेता था। परन्तु अब मात्र उपाधि धारक होने से वह नौकरी के योग्य नहीं बन जाता है। व्यक्ति में डिग्री के अतिरिक्त अन्य योग्यताएँ विकसित होने की आवश्यकता होती है। समय के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के व्यवसायों की आवश्यकता अनुभव की गई तथा उनकी मांग की पूर्ति के लिए भी विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम या उपाधियाँ प्रदान की जाने लगीं, जिन्हें प्राप्त कर व्यक्ति तुरंत नौकरी पाने के योगय हो जाता था। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायिक कुशलताओं से भरे पाठ्यक्रमों के द्वारा व्यक्तियों की पूर्ति ने भी अपने लिए मांग स्वयं उत्पन्न की है। परन्तु भारत जैसे विकासशील देश में जहां रोजगार के अवसर कम तथा जनसंख्या की अधिकता के कारण इनके मध्य संबंध सीधा न दिखाई देकर विकृत रूप में सामने आया है।

यद्यपि भारत एवं प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के क्षेत्र में काफी आमूलचूल बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं। विद्यार्थियों को इस नीति के तहत अपने पसंद के पाठ्यक्रमों का चयन कर अपनी दक्षता में वृद्धि करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। एक डिग्री के साथ अन्य डिप्लोमा कोर्स करने का भी प्रावधान रखा गया है। साथ ही स्थानीय परिवेश के आधार पर विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम

(Vocational Course) को शामिल किया गया है जिससे विद्यार्थी स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के अवसर तलाश कर सके। उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2024 में आई.आई.टी. नई दिल्ली से ए.आई. एवं ए.आई. विथ फिनटेक जैसे महत्वपूर्ण व कौशलबर्द्धक सर्टिफिकेट कोर्सों को नि:शुल्क संचालित किया है। मध्यप्रदेश में उक्त कोर्सों को वर्तमान में केवल प्रत्येक जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों (अग्रणी) एवं स्वशासी महाविद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग की इस सराहनीय पहल से न केवल आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों से शिक्षा प्राप्त करेंगे बल्कि आई.टी. क्षेत्र में अपने कौशल में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. Nehru, Pt. Jawaharlal, "The Discovery of India", Pg. 351.
2. Pathak P.D., "Problem in Indian Education", Agrwal Publication, Agra, 2006.
3. तकवाले, प्रो. राम, भारत के उच्च शिक्षा में वैश्वीकरण की चुनौतियां एवं सम्भावना, गोल्डन लेक्चर सीरीज, यू.जी.सी., वर्ष 2015।
4. आचार्य रजनीश, शिक्षा में क्रांति, पृ. 13।
5. सिंह, डॉ. जे.डी., भारत में वर्तमान शिक्षा की स्थिति व चुनौतियां, इंटरनेशनल एजुकेशन जर्नल, ISSN- 2455-8729, चेतना प्रकाशन, 19 जुलाई 2017, पृ. 88।
6. मुखोपाध्याय, श्रीधरनाथ, भारतीय शिक्षा का इतिहास, पृ. 196-199।
7. श्रीवास्तव, शंकरशरण, शिक्षा और स्वतंत्रता, भारतीय शिक्षा शोध संस्थान, लखनऊ, 2007।
8. सेन, प्रो. अमर्त्य सेन, Poverty in Underdeveloped Economy, वर्ष 1998।
9. Thakur D. Vocational & Technical Education, Edited, Deep & Deep Publication. New Delhi, 1996.

तालिका 1: शिक्षा के प्रत्येक संकाय/क्षेत्र में उपाधिधारियों की स्थिति

(संख्या प्रतिशत में)

क्रं.	विषय/क्षेत्र	उपाधिधारियों की वर्षवार स्थिति							
		1991	2001	2005	2008	2011	2015	2018	2020
1.	कला/मानिविकी	50.83	37.01	28.11	18.05	18.39	17.93	18.1	17.13
2.	वाणिज्य	9.21	15.21	16.37	21.01	21.95	22.74	22.71	23.42
3.	कृषि	1.67	1.27	1.94	2.00	2.78	3.78	4.1	4.82
4.	विज्ञान	21.6	15.8	16.78	16.14	15.19	15.88	15.82	15.89
5.	इंजी/प्रौद्यो./व्यावसा. प्रबंधन	12.28	22.01	28.09	30.95	30.43	30.64	32.61	33.11
6.	चिकित्सा (एलोपैथी)	3.12	5.9	6.46	9.85	9.16	6.11	5.41	3.56
7.	उपचर्या एवं अन्य	1.29	2.80	2.25	2.00	2.10	2.92	1.25	2.07

स्रोत :- आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संचार माध्यमों में हिंदी की प्रगति : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक अध्ययन

डॉ. आराधना सिंह*

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी) मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किसी भी राष्ट्र की अस्मिता सांस्कृतिक परिवेश धार्मिक प्रतिमानों, मानव के ज्ञान- विज्ञान के साधन, चिंतन- मनन और राजनीतिक, घटनाओं परंपरा के जीवंत तत्वों,वैचारिक आंदोलनों, परिवर्तनकारी माध्यमों के नियामकक रूप तथा आधुनिकीकरण, नूतन आविष्कारों और युग-बोध के प्रमुख तत्व के रूप में भाषा का महत्व अप्रतिम होता है। जनसंचार माध्यम भाषाओ को जानने , समझने ,प्रस्तुतीकरण और संप्रेषण के सफल माध्यम हैं। इन सभी दृष्टियों से हिंदी विश्व की समृद्धतम। भाषाओं में से एक है। राहुल सांकृत्यायन का मानना था कि 'जहां तक 'रामचरितमानस' गया, वह हिंदी का क्षेत्र है। 'अल्कसेई। पैतरोंविच वराव्निकोव जैसी प्रतिभाओं ने रामचरितमानस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य घोषित किया है। इन विद्वान आचार्यों के कथनों को सत्य सिद्ध करती 'भारतीय साहित्य और संस्कृति का अनुरक्षण करती विश्व फलक पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अभूतपूर्व प्रस्फुटन और फैलाव के साथ हिंदी अनेक उन्नत रूपों में प्रवाहमान और विकास के पथ पर अग्रसित है।'

भाषा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। विचारों, भावनाओं तथा जानकारी के आदान-प्रदान के लिए भाषा और संचार माध्यमों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारत में प्राचीन काल से ही संचार के विविध साधन विद्यमान रहे हैं। वैदिक मंत्रों का श्रुति परंपरा द्वारा प्रचार, लोकगीत, नाट्य, संवाद, पत्र व्यवहार और वाचिक परंपराएँ भारतीय संचार व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रही हैं। आधुनिक युग में जब प्रिंट मीडिया, रेडियो, दूरदर्शन और अब डिजिटल मीडिया का प्रसार हुआ, तब हिंदी भाषा ने इन सभी संचार माध्यमों में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

आज हिंदी केवल भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी एक प्रभावशाली भाषा के रूप में उभर रही है। तकनीक और वैश्वीकरण के इस युग में हिंदी संचार माध्यमों के माध्यम से विश्व पटल पर अपनी पहचान मजबूत कर रही है। भारत में हिंदी भाषी जनसंख्या की बहुलता और हिंदी की सरलता व ग्राह्यता ने इसे संचार माध्यमों की प्रमुख भाषा बना दिया है। इस शोध आलेख में संचार माध्यमों में हिंदी की स्थिति, विकास यात्रा, चुनौतियाँ तथा संभावनाओं का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – हिंदी, संचार माध्यम, वैश्वीकरण, डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, रेडियो, दूरदर्शन, सोशल मीडिया, भाषा विकास, हिंदी पत्रकारिता, जनसंचार।

हिंदी और भारतीय संचार माध्यम : एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य – भारतीय संचार परंपरा का इतिहास अत्यंत समृद्ध है। ऋग्वेद, उपनिषदों, रामायण और महाभारत जैसी कृतियों का मौखिक प्रचार ही प्राचीन काल का सबसे बड़ा संचार माध्यम था। लोक कथाएँ, लोकगीत, लोक नाट्य, पतंगों द्वारा सूचना भेजना, संदेशवाहक, घंटाघर, नगाड़े, मंदिर की घंटियाँ आदि जनसंचार के पुरा ब्रिटिश काल में प्रिंटिग प्रेस के आगमन ने आधुनिक संचार का मार्ग प्रशस्त किया। 1826 में पंडित जुगल किशोर द्वारा प्रकाशित 'उदंत मार्तड' हिंदी पत्रकारिता का प्रारंभिक प्रयास था। उसके बाद हिंदी समाचार पत्र, पत्रिकाएँ और पुस्तकों का प्रकाशन प्रारंभ हुआ।

संचार माध्यमों में हिंदी की स्थिति एवं विकास यात्रा

प्रिंट मीडिया में हिंदी – हिंदी समाचार पत्र और पत्रिकाएँ आज भी भारतीय समाज में जनमत निर्माण का प्रभावशाली माध्यम हैं। 'धर्मयुग', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'कादंबिनी', 'नंदन', 'सरिता', 'मनोरमा' जैसी पत्रिकाओं ने हिंदी साहित्य और जनसंचार को समृद्ध किया।

'दैनिक भास्कर', 'राजस्थान पत्रिका', 'हिंदुस्तान', 'अमर उजाला', 'प्रभात खबर', 'नवभारत', 'पत्रिका' आदि हिंदी दैनिक अखबारों की प्रसार संख्या करोड़ों में है। हिंदी अखबार देश के हर कोने में न केवल सूचना का स्रोत हैं, बल्कि जनमत निर्माण का भी कार्य कर रहे हैं।

उदाहरण : 2019 में 'दैनिक भास्कर' की प्रतिदिन प्रसार संख्या लगभग 44 लाख रही, जो इसे भारत का सबसे बड़ा हिंदी अखबार बनाते।

रेडियो में हिंदी – हिंदी की विकास यात्रा में सभी संचार -माध्यम सहयोगी रहेह हैं। पहले आकाशवाणी ने जनसंचार और भाषा के संदर्भ में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वाह किया। गीत -संगीत, अनुवाद ,आंखों देखा हाल ,खेल, कामेंटरी आदि के माध्यमय से भाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ा।

1936 में ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) की स्थापना के बाद हिंदी समाचार और विविध कार्यक्रमों का प्रसारण आरंभ हुआ। रेडियो ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय हिंदी को जन-जन तक पहुँचाया।

आज 'आकाशवाणी', 'रेडियो मिर्ची', 'रेडियो सिटी', 'रेड एफएम', 'बिग एफएम' जैसे एफएम चौनलों पर हिंदी के विभिन्न मनोरंजन, सूचना, लोकगीत, स्वास्थ्य, शिक्षा और राजनीति विषयक कार्यक्रम लोकप्रिय हैं।

टेलीविजन में हिंदी – 1959 में दिल्ली में टेलीविजन प्रसारण आरंभ हुआ। 1982 में रंगीन प्रसारण के साथ 'दूरदर्शन' का देशभर में हिंदी कार्यक्रमों का विस्तार हुआ। आज सैकड़ों हिंदी न्यूज चौनल, मनोरंजन चौनल और शैक्षणिक चौनल देश-विदेश में लोकप्रिय हैं।

प्रमुख हिंदी चौनल : आज तक, एबीपी न्यूज, जी न्यूज, इंडिया टीवी, एनडीटीवी इंडिया, दूरदर्शन, सोनी, स्टार प्लस, जी टीवी।

डिजिटल और सोशल मीडिया में हिंदी – मोबाइल क्रांति के साथ हिंदी ने डिजिटल मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति बनाई है। हिंदी में ब्लॉग, वेब पोर्टल, यूट्यूब चौनल, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम रील, पॉडकास्ट आदि की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

उदाहरण : 'द लल्लनटॉपय, 'प्रभात खबर', 'सत्य हिंदी', 'द क्विंट हिंदी' जैसे पोर्टल आज लाखों हिंदी पाठकों को जोड़ रहे हैं।

सरकार की 'डिजिटल इंडिया' नीति ने भी हिंदी में ई–गवर्नेंस, डिजिटल शिक्षा, किसान ऐप, स्वास्थ्य एप आदि की सुविधा बढ़ाई है।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी की स्थिति – आज हिंदी केवल भारत तक सीमित नहीं है। मॉरीशस, फिजी, नेपाल, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, यूके, यूएई, कतर आदि देशों में हिंदी भाषी समुदाय बसते हैं।

वैश्विक स्तर पर हिंदी कि स्थिति पर चर्चा करते हुए डॉ राजकुमार डफ्फू कहते हैं कि–'वहां हिंदी फिल्मों और फिल्मी गानों के लिए ललक दीवानगी की हद तक कायम है। इसलिए पी.आई.ओ.एस(People of Indian Origin) के लिए भाषा एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है, जिसके बिना वहां कोई जातीय संस्कार पूर्ण नहीं होता। वहां भारतीय मूल के लोग फिल्मी गानों को न केवलस् सुनते हैं बल्कि याद भी रखते हैं। यदि हिंदी अध्यापक अपनी कक्षा में, हिंदी शिक्षण के दौरान फिल्मी गानों का उपयोग करता है तो वह बहुत सफल होता है। वैश्वीकरण की वृद्धि से इस दिशा में और भी नजदीकियां आई है।

'भूमंडलीकरण और हिंदी' शीर्षक लेख में डॉ. हरिशंकर दुबे– उपभोक्ता सस्कृति और बाजारीकारण की प्रक्रिया में हिंदी की महत्व निरूपित करते हुए इस तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं कि–भारत का विशाल भू–भाग और जनसंख्या व्यापारिक व्यावसायिक हितों के सर्वथा अनुकूल है। भारतीय जनमानस का संग्राहक वृत्ति, नवीन उत्पादनों के प्रति आकर्षकप्रियता, सुरुचि संपन्नता ,जीवन में वैविध्यता आदि के कारणों से विश्व के उत्पादकों के लिए भारत एक बहुत बड़ी उपभोक्ता मंडी है यदि विदेशियों को पेप्सी कोला जैसे खाद्य–पदार्थों का वितरण बढ़ाना और अपनी माल की खपत करना है, जो इन्हें हमारी भाषा का प्रयोग प्रयोग करना और यहां की संस्कृति के मनोनुकूल विज्ञापन देने होंगे। क्योंकि हिंदी में भारत की आत्मा बसती है।अपने इस शोध आलेख में डॉ दुबे स्मरण करवाते हैं कि वे भरत के व्यापारिक संबंध विश्व के सुदूर देशों में प्राचीन कालसेहैं रहे हैं।अंग्रेज भी व्यापारी बनकर ही इस देश में आए थे। आज व्यवसाय और प्रतिस्पर्धा एक दूसरे की पूरक है। प्रतिस्पर्धा में ठहरने का साधन विज्ञापन है। विज्ञापन तभी सार्थक है जब वह भली–भांति समझ में आए। इसके लिए जरूरी है उस देश की भाषा में प्रयोग किया जाए डॉक्टर प्रभाकर माचवे भी इस बात से सहमत हैं।' जनसंचार:माध्यम औरभषा' लेख में वे स्वीकार करते हैं कि भारत में साक्षरता का प्रतिशत कम है। अंग्रेजी भाषा के या उससे सीधे अनुदित विज्ञापन और स्टेटस सिंबल जैसे–फ्रिज, टीवी, मिक्सी महंगी गाड़ियां, कारपेट आदि के अंग्रेजी से प्रभावित विज्ञापन भारतीय साधारण जन की मनोवृति के प्रतिकूल रहते हैं। अत: इन्हें रुचिकर बनाने और उद्योग के प्रचार की दृष्टि से इनका हिंदी भाषा में होना है। देश का आर्थिक पक्ष उसके सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक युग बोध से जुड़ा होता है। इस दृष्टि से भारत जैसा विशाल देश आर्थिक हितों की आपूर्ति के लिए कितना उपयोगी और हितकारी है यह बतलाने की आवश्यकता नहीं है। आत: विदेशी उद्योगों सफलता के म मूल मंत्र और उत्पाद वस्तुओं की बिक्री की वृद्धि के लिए हिंदी भाषा एक सफल उपकरण है।

उदाहरण : 'बीबीसी हिंदी' और 'वॉयस ऑफ अमेरिका हिंदी' जैसे पोर्टल विदेशों में हिंदी भाषी दर्शकों तक सूचनाएँ पहुँचा रहे हैं।

हिंदी की चुनौतियाँ और संभावनाएँ:

चुनौतियाँ :

1. अंग्रेजी व अन्य विदेशी भाषाओं का प्रभाव।
2. तकनीकी शब्दावली में हिंदी का अभाव।
3. महानगरों में हिंदी के प्रति उपेक्षा।
4. हिंदी में शोध व साहित्य सृजन की गति धीमी।

संभावनाएँ :

1. डिजिटल माध्यमों का हिंदी अनुकूल होना।
2. यूजर फ्रेंडली हिंदी ऐप्स का विकास।
3. भारतीय जनसंख्या का हिंदी के प्रति स्वाभाविक आकर्षण।
4. हिंदी वेब साहित्य व ब्लॉगिंग की बढ़ती संख्या।
5. सरकारी प्रयासों से हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन।

निष्कर्ष – हिंदी ने संचार माध्यमों में अपनी विजय यात्रा निरंतर जारी रखी है। प्राचीन काल से लेकर आज के डिजिटल युग तक हिंदी ने हर संचार साधन को अपना मंच बनाया है। हिंदी समाचार पत्र, रेडियो, दूरदर्शन, सिनेमा, इंटरनेट, सोशल मीडिया सभी में हिंदी ने अपनी उपस्थिति सशक्त की है।

आज हिंदी वैश्विक मंच पर भी अपनी पहचान स्थापित कर रही है। यद्यपि चुनौतियाँ विद्यमान हैं, किंतु संभावनाएँ उससे कहीं अधिक हैं। हिंदी की सरलता, सहजता और ग्राह्यता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यदि सरकारी और निजी प्रयासों से हिंदी को तकनीकी और वैश्विक भाषाई मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए, तो भविष्य में हिंदी संचार की सबसे सशक्त भाषा बन सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा, रामनिवास – हिंदी पत्रकारिता का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, 2022
2. तिवारी, शंभूनाथ – भारतीय जनसंचार : सिद्धांत और व्यावहारिक पक्ष, ग्रंथलोक, 2021
3. मिश्रा, राजेश – डिजिटल मीडिया और हिंदी, वाणी प्रकाशन, 2023
4. यूनेस्को भाषा सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2020
5. दैनिक भास्कर, अमर उजाला, हिंदुस्तान अखबारों के आधिकारिक प्रसार आँकड़े।
6. बीबीसी हिंदी, वॉयस ऑफ अमेरिका हिंदी, लल्लनटॉप वेब पोर्टल।
7. 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम रिपोर्ट, भारत सरकार, 2022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उच्च शिक्षा का अनुसूचित जाति पर प्रभाव: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (मोरना ब्लॉक के संदर्भ में)

डॉ. रत्ना त्रिवेदी* आजाद सिंह**

*** एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) मुन्नालाल एंड जय नारायण खेमका गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सहारनपुर (उ.प्र.) भारत**
**** शोध छात्र (समाजशास्त्र) मुन्नालाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सहारनपुर (उ.प्र.) भारत**

शोध सारांश – व्यक्ति की बुद्धि और समाज में परिवर्तन का कारक शिक्षा ही है इस प्रकार किसी भी राष्ट्र का निर्माण और विकास उसकी शिक्षा प्रणाली पर ही निर्भर करता है। व्यकित के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा एक सशक्त साधन है यह व्यकित और सम्पूर्ण समुदाय में अपनी जन्म जात क्षमताओ द्वारा अपने जीवन को सुधारने के लिए शिक्षा एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा व्यक्ति की योग्यताए बढ़ाती है तथा उसके कौशलो में वृद्धि के साथ उसके व्यक्तित्व को भी निखारती है व्यक्ति को सभी प्रकार से सशक्त करती है इसलिए सभी नागरिको को ऐसी शिक्षा दी जाए जो उनकी योग्यताओ, कौशलो और क्षमताओ का विकास करके उन्हे ज्ञानवान व विवेकशील बनाए। जिससे वह जीवन के सभी पक्षो को अपनी इन योग्यताओ का भरपूर उपयोग कर सके और एक समाजोपयोगी जीवन यापन कर सके।

किसी भी देश का विकास अधिकांशत: उसके समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर होता है। एक समाज तभी सम्भव हो पाता है जब उसके नागरिक गतिशील साधन सम्पन्न उद्यमी और उत्तरदायी होते है। ऐसे नागरिकों के बिना किसी भी क्षेत्र में देश का विकास सम्भव नहीं है। शिक्षा इस तरह ऐसे सुयोग्य नागरिकों के निर्माण में योगदान देती है। यह तीव्र आर्थिक एवं तकनीकी विकास की प्राप्ति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है। वर्तमान समय में अनुसूचित जाति उच्च शिक्षा प्राप्त करके रोजगार के नये अवसर प्राप्त कर रहे है तथा महिला सशक्तिकरण तथा राजनीतिक भागीदारी बढी है। यह अध्ययन मुजफ्फरनगर जिले के मोरना ब्लॉक पर आधारित है। इस क्षैत्र में अनुसूचित जातियों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपने जीवन में अनेक लाभ प्राप्त किये है।

प्रस्तावना – अनुसूचित जाति शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग साइमन कमीशन द्वारा 1927 में किया गया था। 1850 में यह समुदाय सामान्य रूप से शोषित वर्ग के रूप में प्रयोग किए जाते रहे। भारत धार्मिक प्रजातियों और विविध संस्कृतियों की एक प्रयोगशाला है। भारत की संस्कृति ने 1901 में कुछ जातियों को दलितों के रूपों में कुछ निर्योग्यताओं और अस्पृश्यों से पीडित के रूप में देखा और उन्हें 1935 के भारत शासन आधिनियम में अस्पृश्य जातियों के स्प में पहली बार रखा जिन्हें अब अनुसूचित जाति कहा जाता है। अनुसूचित जातियां तुलनात्मक रूप से व्यवसायी और शिक्षा सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से पिछड़ी हुई है।

दलित अंग्रेजी शब्द **डिप्रेस्ड** क्लास का हिन्दी अनुवाद है, **डिप्रेस्ड** क्लास की जनगणना 1911 में की गई, जिन्हें वर्तमान में अनुसूचित जातियां कहा जाता है दलित का अर्थ पीडित, शोषित, दबा हुआ, खिन्न, उदास, टुकडा, खण्डित, तोडना, कुचलना, दला हुआ, पिसा हुआ, मसला हुआ, रोंदा हुआ, विनष्ट हुआ होता है परन्तु अब अनुसूचित जाति को दलित कहा जाता है, अब दलित शब्द पूर्ण रूप से जाति विशेष के लिए इस्तेमाल किया जाता है हजारों वर्षो तक अस्पृश्य या अछूत समझी जाने वाली उन सभी शोषित जातियों के लिए सामुहिक रूप से प्रयुक्त होता है जो हिन्दु धर्मशास्त्रों द्वारा हिन्दु समाज व्यवस्था में सबसे निचले (चौथे) पायदान पर स्थित है और बौद्ध ग्रन्थ में पाँचवें पायदान पर (चांडाल) है संवैधानिक भाषा में इन्हें ही अनुसूचित जाति कहा गया है। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या में लगभग 16.6 प्रतिशत या 20.14 करोड़ आबादी दलितों की है।(1) आज अधिकांश हिन्दु दलित बौध धर्म की तरफ आकर्षित हुए है और हो रहे है, क्योकि बौध बनने से हिन्दु दलितों का विकास हुआ है।

सूमा चिटनिस (1995) ने कहा है कि यद्यपि शिक्षा अनुसूचित जातियों के लिये व्यावसायिक गतिशीलता की सुविधा प्रदान करती है, तथ्य यह है कि वे कम प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों में नामांकित है, ऐसी स्थिति है जहाँ प्रभावित गतिशीलता में मुख्यत: अछूत जाति से अछूत वर्ग में परिवर्तन स्वरूप सामने आ रहा है।

एस0 पटवर्धन (1973: 80-84) इन्होंने अपने अध्ययन में पाया, कि अनुसूचित जातियों में शिक्षा के बजाय व्यवसाय को अधिक महत्व दिया जा रहा है। बच्चे बचपन से ही खेतों में काम करना शुरू कर देते है और पैसा कमाते है और स्कूली शिक्षा में उनकी रूचि कम हो जाती है।

बी0आर0 चौहान (1967: 228-250) ने अनुसूचित जातियों के बीच उभरती असमानताओं पर ध्यान केन्द्रित करने की दृष्टि से शैक्षिक सुविधा के उपयोग में जाति और वर्ग का विश्लेषण किया। उन्होंने कुछ गाँवो के 1961 में किये गये अध्ययन का भी उल्लेख किया। इस अध्ययन में उन्होंने भारत की जनगणना की जाँच निम्न आधारों पर की। 1. अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का विभिन्न राज्यों में वितरण, 2. उनका व्यवसाय, 3. उनकी साक्षरता तथा शैक्षिक स्तर।

एन0के0 सिंह (1979: 20-85) ने माना कि शिक्षा सामाजिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है शिक्षा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सन्दर्भ में सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रभावित

करती है। शिक्षा के कारण उनकी स्थिति तथा संस्थागत अक्षमता के कारण वंचित रहने की स्थिति में बदलाव आया है।

शांता कुमारी (1983) द्वारा केरल में चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों में अनुसूचित जातियों पर कल्याणकारी उपायों के प्रभाव की जाँच की गई। कल्याणकारी कार्यक्रम उन पर उतना प्रभाव नहीं डाल पाये। जितना इन कार्यक्रमों में परिकल्पित किया गया था। अनुसूचित जातियों को विशेष शैक्षिक रियायते दिए जाने के बाद उनकी शैक्षिक प्रगति में सुधार हुआ है।

अध्ययन का उदेश्य:

1. उच्च शिक्षा का अनुसूचित जाति पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. उच्च शिक्षा का अनुसूचित जाति की महिलाओं सशक्तिकरण मे योगदान का अध्ययन करना।
4. उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियोंकी राजनीतिक भागीदारी पर प्रभाव का अध्ययन करना।

उपकल्पना:

1. उच्चशिक्षा को प्राप्त करके अनुसूचित जाति में रोजगार के अवसर बढाये जा सकते है।
2. उच्च शिक्षा के द्वारा अनुसूचित जाति में महिला सशक्तिकरण बढाया जा सकता है।
3. उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति में राजनीतिक भागीदारी व जीवन जीने के तरीको में बदलाव किया जा सकता है।

अध्ययन का क्षेत्र– वर्तमान अध्ययन उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति का विकास मोरना ब्लॉक पर आधारित है। मोरना ब्लॉक मुजफ्फरनगर हेडक्वाटर से 24 किलोमीटर पूर्वी भाग में स्थित है। 2011 की जनगणना के अनुसार मोरना ब्लॉक की जनसंख्या 224721 है। मोरना ब्लॉक में 49 ग्राम पंचायते आती है। जिसमें से 4 गांव मोरना, भोपा, चौरावाला और बेहडा सादात को अध्ययन के लिए चुना गया है।

शोध प्रविधि–वर्तमान अध्ययन उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति का विकासमुजफ्फरनगर जिले के मोरना ब्लॉक के चार गॉव पर किया गया है, जिसमें मैनें 400 उत्तरदाताओं का चुनाव स्तरित दैव निदर्शन के आधार पर किया है। जिसमें वर्णनात्मक शोध प्रारूप के आधार पर अध्ययन की रूपरेखा तैयार की गयी है, एवं तथ्य एकत्रितकरने के लिए अवलोकन व साक्षात्कार अनुसूची प्रविधि का चयन किया गया है।

सारणी 1: उच्च शिक्षा का अनुसूचित जाति पर प्रभाव अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के लिए रोजगार के अवसरो पर उच्च शिक्षा का प्रभाव:

क्र.	उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के लिए रोजगार के अवसरो पर प्रभाव	उत्तरदाताओ की संख्या	प्रतिशत
1	रोजगार की सम्भावनांओ मे उल्लेखनीय सुधार	301	75.25%
2	रोजगार की सम्भावानओ मे मामूली सुधार	55	13.75%
3	कोई महत्वापूर्ण प्रभाव नही हुआ	44	11%
4	रोजगार की सम्भावनाओ मे गिरावट	NIL	NIL
	कुल योग	400	100%

उपरोक्त सारणी में 75.25% उत्तरदाताओ का विचार है कि उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के लिए रोजगार के अवसरो को बढावा देने के लिए रोजगार की सम्भावनाओ में उल्लेखनीय सुधारकरके प्रभावित किया जा सकता है 13.75% उत्तरदाताओ का विचार है कि उच्च शिक्षा के द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के लिए रोजगार के अवसरो को बढावा देने के लिए रोजगार की सम्भावनाओ मे मामूली सूधार करके प्रभावित किया जा सकता है 11% उत्तर दाताओ का विचार है कि उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के लिए रोजगार के अवसरो को बढावा देने के लिए कोई महत्वपूर्णप्रभाव नही हुआ है।

सारणी 2 :उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जातियो के व्यक्तियो के लिए आर्थिक स्वतन्त्रता में योगदान

क्र.	उच्च शिक्षा द्वारा अनुसूचित जातियो के व्यक्तियो के लिए अर्थिक स्वतन्त्रता में योगदान	उत्तरदाताओ की संख्या	प्रतिशत
जैसा मैं कह चुका हूं विधवा का अग्निदाह और विधुर का अनिवार्य ब्रह्मचारी का जीवन आरोपित करना ये दोनों उपाय ऐसे हैं जिनके किसी समुदाय में सजातीय विवाह व्यवस्था बनाए रखने में कार्यान्वित होने में संदेह है, ये दोनों उपाय मात्र हैं। लेकिन जब यह उपाय कठोरतापूर्वक कार्यान्वित किए जाते हैं तब लक्ष्य पूरा हो जाता है। ये उपाय कौन-सा लक्ष्य पूरा करते हैं? ये सजातीय विवाह व्यवस्था का सृजन और उसे स्थाई बनाते हैं। जाति की विभिन्न परिभाषाओं में हमारे विश्लेषण के अनुसार जाति और सजातीय विवाह व्यवस्था, दोनों एक ही वस्तु हैं। इस प्रकार इन उपायों का प्रयोजन जाति और जाति-व्यवस्था में ये दोनों ही उपाय विहित हैं।[९] सतीप्रथा तथा विधवा विवाह के निषेध के संबंध में डॉ. अम्बेडकर अपने विश्लेषण के क्रम में वामन पांडुरंग काणे द्वारा लिखित पुस्तक 'धर्मशास्त्र' में व्यक्त किए विचारों को भी दृष्टिगत रखते हैं। काणे ने सतीप्रथा के पीछे स्त्रियों के उत्तराधिकार संबंधी नियमों का उल्लेख किया था। बंगाल में सती प्रथा सर्वाधिक कठोरता से लागू थी, जिसके बारे में काणे ने कहा है कि वह 'हिन्दू' कानून के तहत स्त्री पति की संपत्ति की अधिकारी होती थी। पति के घर वाले, सगे-संबंधी विधवा हो जाने पर स्त्री पर सती हो जाने के लिए दबाव डालते थे जिससे कि वे उस भाग के संबंध में मुक्त हो सकें। डॉ. अम्बेडकर ने इस तथ्य को स्वीकार तो किया कि इसी कारण बंगाल में इतने बड़े पैमाने पर सती-प्रथा का चलन रहा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि यह कुप्रथा किस तरह शुरू हुई और भारत के अन्य भागों में प्रचलित हो गई। इस संदर्भ में सजातीय विवाह संस्था के द्वारा जाति निर्माण की प्रक्रिया में सती प्रथा के उद्भव के डॉ. अम्बेडकर के दावे की तथ्यपरकता सिद्ध होती है।

डॉ. अम्बेडकर के इस विश्लेषण की प्रमाणिकता तथा प्रासंगिकता इतने लंबे कालखंड के बाद वर्तमान भारत में स्वत: सिद्ध हो चुकी है। बहिर्जातीय विवाह को लेकर भारतीय समाज की असहिष्णुता, खाप पंचायतों की क्रूरताओं के पीछे के ऐतिहासिक संदर्भको अच्छी तरह समझा जा सकता है। डॉ. अम्बेडकर के विश्लेषण से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि भारत में पितृसत्ता को जातिवादी व्यवस्था का भरपूर सहयोग मिला है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था द्वारा स्त्री को लोकतांत्रिक-मानवीय अधिकारों से वंचित रखकर उसे एक उपभोक्ता वस्तु में बदल देने की प्रक्रिया तो बाद की और परिघटना है। उससे पहले ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अंतर्गत स्त्री की यौनिकता तथा उसके समूचे वजूद को कैद कर दिया गया ताकि भारत में जाति व्यवस्था को मजबूत नींव प्रदान की जा सके। यह आदिम सोच आज तक भारतीय समाज में गहरी जड़ें जमाये हुए हैं। यही कारण है कि जाति से बाहर विवाह करना

विशेषकर स्त्री के लिए अक्षम्य अपराध माना जाता है। जीवन व धार्मिक-सामाजिक व्यवहार के अन्य अनेक मामलों में सहिष्णु और समझौता करने को तैयार नहीं है। परिवारों में उत्तराधिकार के मामले में आज भी स्त्री के साथ पुरानी ब्राह्मणवादी रीति से ही काम लिया जाता है। डॉ. अम्बेडकर ने जाति उन्मूलन के लिए हिन्दू परिवारों में कैद स्त्री को मुक्त कराने की परियोजना पर काम किया। उन्होंने यह आत्मसात कर लिया था कि जब तक स्त्री हिन्दू कानूनों के दायरे से बाहर नहीं निकलेगी हिन्दू समाज में किसी तरह के कोई सुधार की गुंजाइश नहीं है। इसलिए उन्होंने हिन्दू कानून में परिवर्तन की बात प्रस्तावित की। हिन्दू कोड बिल डॉ. अम्बेडकर द्वारा सदियों से पारिवारिक, सामाजिक व धार्मिक जकड़न में जकड़ी हिन्दू स्त्री को मुक्त कराने का प्रयास था।

हिन्दू कोड बिल : मनु के विधान को उलटने की कोशिश – सन् 1941 में औपनिवेशिक सरकार ने हिन्दू कानून में सुधार और एकरूपता लाने के उद्देश्य से बी. एन. राव कमेटी का गठन किया था। इस समिति नेयह कहा था कि हिन्दू संहिता बनाने का समय आ चुका है। सामाजिक अग्रगति और आधुनिकीकरण के लिए हिन्दू जीवन संहिता में सुधार की जरूरत पर बल दिया गया था। बी.एन. राव ने इस संदर्भ में ड्राफ्ट तैयार किया जिसमें उत्तराधिकार, मुआवजा, विवाह और तलाक, अभिभावकत्व और गोद लेने की प्रक्रियाओं पर सुधार की बात थी। जैसा कि स्वाभाविक था इस प्रस्ताव का हिन्दू समाज द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रारम्भ हो गया। जवाहरलाल नेहरू इस प्रस्ताव को लेकर उत्साहित थे, लेकिन विरोध के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा। 1948 में कानून मंत्री की हैसियत से डॉ. अम्बेडकर ने इस बिल के प्रथम ड्राफ्ट को संशोधित परिवर्धित करने का काम अपने हाथ में लिया, ताकि इसे संसद में बहस करने लायक बनाया जा सके। डॉ. अम्बेडकर की अध्यक्षता में बनी सेलेक्ट कमेटी ने हिन्दू कोड बिल में वांछित सुधार किये जिसे हम आज हम हिन्दू कोड बिल कहते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने हिन्दू कोड बिल में मुख्य रूप से उन प्रतिबंधों का निराकरण करने का प्रयास किया जो ब्राह्मणवादी विधान द्वारा स्त्रियों पर लगाए गए थे। उन्होंने स्त्री को तलाक के अधिकार, पैतृक संपत्ति में स्त्री के समान अधिकार, विधवा को उसके पति की संपत्ति का उत्तराधिकार जैसे प्रावधानों को लाकर मनु के विधान को उलटने का प्रयास किया। अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा और कानूनी संरक्षण का प्रावधान भी बाबा साहब ने किया। स्त्रियों को तलाक का अधिकार एक ऐसा प्रावधान था जिस पर कट्टर हिन्दू मानस का सर्वाधिक तीखा विरोध सामने आया। जैसा कि स्वाभाविक था संसद के भीतर इस बिल का हर ओर से भारी विरोध हुआ। सदन में लगभग पचास घंटे की वहस के बाद इस बिल को एक साल के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 1951 में नेहरू ने डॉ. अम्बेडकर से इस बिल को अलग-अलग खण्डों में विभाजित करने का आग्रह किया, इस प्रकार चार अलग-अलग विधेयक अस्तित्व में आ गए। हिन्दू मैरिज एक्ट, हिन्दू उत्तराधिकार एक्ट, हिन्दू अल्पसंख्यक एवं अभिभावकत्व एक्ट (हिन्दू माइनॉरिटी एंड गार्जियनशिप एक्ट), और हिन्दू एडोप्शन एंड मेंटेनेंस एक्ट। नेहरू ने बीच-बचाव का रास्ता निकालते हुए यह कहा कि विवाह और तलाक से संबंधित 55 धाराओं को पारित करवा लिया जाए बाकी कानूनों को प्रथम आम चुनाव के बाद गठित नई सरकार पारित करवायेगी, लेकिन इसके बावजूद 55 में से मात्र 3 धाराओं को पारित करने की सहमति बन सकी, जिससे दुखी होकर डॉ. अम्बेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

तलाक संबंधी कानून के संदर्भ में बाबा साहब के सामने हिन्दू नेताओं द्वारा संशोधन का प्रस्ताव रखा गया जिसमें यह कहा गया था कि स्त्री को विवाह के तीन वर्ष बाद तलाक का अधिकार दिया जाए और भाई को यह अधिकार दिया जाए कि वह बहन की संपत्ति खरीद सके। डॉ. अम्बेडकर ने इन संशोधनों को अस्वीकार कर दिया था। प्रथम सरकार के गठन के बाद 1952 से लेकर 1956 तक उपरोक्त चार विधेयकों को नेहरू सरकार ने पारित तो करवा लिया लेकिन उनके पीछे के मूल उद्देश्य को धूमिल कर दिया। और जिन सुधारों को बाबा साहब अंजाम देना चाहते थे वे अधूरे ही रह गए। सन् 2005 में स्त्री को पैतृक संपत्ति में अधिकार तो दे दिया गया, लेकिनहिन्दू परिवार और समाज आज भी इस सुधार के लिए खुद को तैयार नहीं कर पाए हैं। भारत में स्त्री मुक्ति के आंदोलन के लिए बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के ये विचार आज भी प्रेरणास्रोत की तरह हैं। ब्राह्मणवादी व्यवस्था के चंगुल से स्त्री को मुक्त करना भारत के नारी आंदोलन का प्रमुख कार्यभार है। पितृसत्ता से मुकम्मल मुक्ति के लिए जरूरी है मनुवादी व्यवस्था का उन्मूलन। इस तरह भारत में जाति उन्मूलन और नारी मुक्ति की लड़ाई एक सहधर्मी लड़ाई बनकर उभरती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नारी और प्रतिक्रान्ति, पृ.सं. 334, बाबा साहब अम्बेडकर सम्पूर्ण वांग्मय खण्ड-7, द्वितीय संस्करण : अप्रैल 1998, डॉ. अंबेडकर प्रतिष्ठान, कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. ब्राह्मणवाद की विजय पृ.सं. 197.
3. कास्ट्स इन इंडिया: देयर मेकैनिज्म, जेनेसिस एंड डेवलपमेंट।
4. भारत में जातिप्रथा (Essays and speeches compiled in Dr. Babasaheb Ambedkar: Writings and Speeches) – Government of Maharashtra publication
5. शारदा कबीर (मेहता) – *Religion, Caste and Gender: Ambedkar's Perspective*
6. शरण कुमार लिंबाळे – *Towards an Aesthetic of Dalit Literature* (अम्बेडकर की स्त्री दृष्टि पर भी चर्चा)
7. Christophe Jaffrelot – *Dr. Ambedkar and Untouchability: Fighting the Indian Caste System*
8. हिन्दू कोड बिल से सम्बन्धित संसदीय बहस (1948-1951)
9. B.N. Rau Committee Report (1941-42)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार – दलितों के विशेष संदर्भ में

सत्यनारायण सिंह शेखावत*

* सहायक आचार्य, राजकीय कला महाविद्यालय, गरबाडा, दाहोद (गुजरात) भारत

शोध सारांश – डॉ. भीमराव अम्बेडकर महामानव थे। वे एक सच्चे देशभक्त थे तभी उन्होंने धर्म परिवर्तन हेतु अनेकानेक प्रलोभनों को ठुकरा दिया। वह हिन्दु समाज द्वारा स्थापित सामाजिक व्यवस्था से काफी असंतुष्ट थे और उनमें सुधार की मांग करते थे ताकि सर्वधर्म सम्भाव पर आधारित समाज की स्थापना की जा सके। भारत में उनका जीवन सामाजिक सुधार के श्रेष्ठतम कार्य को समर्पित था। वे एक ऐसे समाज सुधारक थे जो मात्र भाषणों तक ही अपने को सीमित करने के बजाय स्वयं अपने जीवन और कार्यो से सामाजिक रूढिवादिता, जातिप्रथा और अस्पृश्यता को हटाने में जीवनभर लगे रहे। उन्होंने राजनीति के बजाय सामाजिक सुधार के क्षेत्र में कार्य करने को प्राथमिकता प्रदान की। उनका विश्वास था कि आर्थिक और राजनीतिक मामले सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के बाद निपटाये जाने चाहिए। अम्बेडकर का विचार था कि आर्थिक विकास सभी सामाजिक समस्याओं का समाधान कर देगा। जातिवाद हिन्दुओं की मानसिक दासता की अभिव्यक्ति है। इस प्रकार के जातिवाद के पिशाच/बुराई के निवारण के बिना कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं लाया जा सकता। हमारे समाज मे क्रांतिकारी बदलाव के लिए सामाजिक सुधार पहली शर्त है। सामाजिक सुधारों में परिवार व्यवस्था में सुधार और धार्मिक सुधार भी शामिल है। अम्बेडकर ने भारतीय समाज में महिलाओं की गिरती स्थिति की कटु आलोचना की उनका मानना था कि महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दूधर्म में महिलाओं को सम्पति के अधिकार से वंचित रखा गया है। हिन्दू कोड बिल जो उन्होंने तैयार करवाया था उन्होंने यह ध्यान रखा कि महिलाओं को भी सम्पति में एक हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने अस्पृश्यों को संगठित करते समय अस्पृश्य समुदाय की महिलाओं को आगे आने के लिए सदैव आहवान किया कि वे राजनीतिक और सामाजिक आंदोलनों में भाग लें।

शब्द कुंजी – दलित, हिन्दु समुदाय, अस्पृश्यता, जाति प्रथा, वर्ण व्यवस्था, जातिवाद, सामाजिक सुधार, सामाजिक न्याय, धार्मिक सुधार।

डॉ. अम्बेडकर के जाति प्रथा उन्मूलन संबंधी विचार – डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति मुक्त हो, औधोगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। अम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है, जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हें सर्व समाज के नेता के बजाय दलित समाज के नेता के रूप में स्थापित करा दिया।

डॉ. अम्बेडकर के भाषण भारतीय सामाजिक चिन्तन के इतिहास और विकास के कालजयी दस्तावेज है। 9 मई 1916 को कोलम्बिया विश्वविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में नृविज्ञान पर 'भारत में जाति प्रथा : संरचना, उत्पति और विकास' पर पठित लेख तथा लाहौर जातपात तोड़क मण्डल 1936 के वार्षिक सम्मेलन के लिए उनके द्वारा तैयार किया गया 'जाति प्रथा उन्मूलन' शीर्षक भाषण ऐतिहासिक महत्व के है। भारत में जाति प्रथा संरचना उत्पति और विकास आलेख में अम्बेडकर कहते है कि जाति की समस्या सैद्धान्तिक और व्यावहारिक रूप से एक विकराल समस्या है। वे जाति प्रथा की उत्पति के लिए भारत के विधि निर्माता मनु को जिम्मेदार ठहराते है। उनके शब्दों में 'मनु ने जाति के विधान' का निर्माण नहीं किया और न वह ऐसा कर सकता था। जाति प्रथा मनु से पहले विद्यमान थी। वह तो उसका पोषक था, इसलिए उसने उसे एक दर्शन का रूप दिया। प्रचलित जाति प्रथा को ही उसने संहिता का रूप दिया और जाति धर्म का प्रचार किया।

डॉ. अम्बेडकर के अनुसार प्रारम्भ में भारतीय समाज चार वर्गों में विभाजित था। ये है : – 1. ब्राहम्ण या पुरोहित वर्ग 2. क्षत्रिय वर्ग यां सैनिक वर्ग 3. वैश्य अथवा व्यापारिक वर्ग और 4. शुद्र अथवा शिल्पकार और श्रमिक वर्ग। इस बात पर विशेष ध्यान देना होगा कि आरम्भ में यह अनिवार्य रूप से वर्ग विभाजन के अन्तर्गत व्यक्ति दक्षता के आधार पर अपना वर्ग बदल सकता था और इसलिए वर्गों को व्यक्तियों के कार्य की परिवर्तनशीलता स्वीकार्य थी। हिन्दू इतिहास में किसी समय पुरोहित वर्ग ने अपना विशिष्ट स्थान बना लिया और इस तरह स्वयं सीमित प्रथा से जातियों का सूत्रपात हुआ। दूसरे वर्ग भी समाज विभाजन के सिद्धान्तानुसार अलग–अलग खेमों में बंट गए। कुछ का संख्या बल अधिक था कुछ का नगण्य। वैश्य और शुद्र वर्ग मौलिक रूप से वे तत्व है, जिनकी जातियों की अनगिनत शाखा, प्रशाखाएं कालान्तर में उभरी है, क्योंकि सैनिक व्यवसाय के लोग असंख्य समुदाय में सरलता से विभाजित नहीं हो सकते, इसलिए यह वर्ण सैनिकों और शासकों के लिए सुरक्षित हो गया।

डॉ. अम्बेडकर का मानना है कि समाज का यह उप वर्गीकरण स्वाभाविक है, उपर्युक्त विभाजन में अप्राकृतिक तत्व यह है कि इससे वर्गों में परिवर्तनशीलता के मार्ग अवरूद्ध हो गए और वे संकुचित बनते चले गए,

जिन्होंने जातियों का रूप ले लिया। अम्बेडकर यह भी मानते हे कि कुछ जातियों की संरचना नकल से हुई है और नकल करने के दो आधार दिखलाई देते है। जिस स्त्रोत की नकल की गई है, उसकी समुदाय में प्रतिष्ठा होनी चाहिए। भारतीय समाज में जो सिख समुदाय से प्रतिदिन अनेक बार मिला है उसने उसे सममुदाय की नकल की। इसी प्रकार जो जातियां ब्राहम्णों के निकट है वे सती प्रथा, बालिका विवाह जैसे प्रथाओं की नकल का कड़ाई से पालन करती है। अम्बेडकर के शब्दों में, इसमें कोई सन्देह नहीं कि भारत में जाति प्रथा निम्न वर्ग द्वारा उच्च वर्ग की नकल का प्रतिफल है।

जाति समस्या के संबंध में डॉ. अम्बेडकर ने अपने आलेख में चार पक्ष उजागर किए है:-

1. हिन्दू जनसंख्या में विविध तत्तवों के सम्मिश्रण के बावजूद इसमें दृढ सांस्कृतिक एकता है,
2. जातियां इस विराट सांस्कृतिक इकाइ अंग है,
3. शुरू में केवल एक ही जाति थी,
4. इन्हीं वर्गो मे देखा-देखी या बहिष्कार से विभिन्न जातियां बन गई।

अपने दूसरे भाषण में जिसे लाहौर जातपात तोड़क मण्डल 1936 के वार्षिक सम्मेलन के लिए तैयार किया गया था और जिसका शीर्षक जाति प्रथा उन्मूलन है, डॉ. अम्बेडकर ने इस प्रश्न पर विचार किया है कि क्या भारत में सामाजिक सुधार राजनीतिक सुधारो से पहले होने चाहिए। अम्बेडकर इस विचार से सहमत नहीं है कि हम अपनी सामाजिक प्रणाली में सुधार नहीं करेंगे, जब तक हम राजनीतिक सुधारों के योग्य नहीं हो जाते। उन दिनों अछूतों के साथ कैसा व्यवहार होता था। इसका चित्रण करते हुए अम्बेडकर कहते है मराठा राज्य में पेशवाओं के शासन में यदि कोई हिन्दू सड़क पर आ रहा होता था तो किसी अछूत को इसलिए उस सड़क पर चलने की अनुमति नहीं थी कि उसकी परछाई से वह हिन्दू अपवित्र हो जाएगा। अछूत के लिए यह आवश्यक था कि वह अपनी कलाई या गर्दन में निगरानी के तौर पर एक काला धागा बांधे, जिससे कि हिन्दू गलती से उससे छूकर अपवित्र ना हो जायें।

डॉ. अम्बेडकर का मत है कि हिन्दू परिवार के सुधार और हिन्दू समाज के पुनर्गठन तथा पुनर्निर्माण के अर्थ में समाज सुधार इन दोनों में अन्तर किया जाए। पहले प्रकार के समाज सुधार का संबंध विधवा विवाह, बाल विवाह आदि से है। जबकि दूसरे प्रकार के समाज सुधार का संबंध जाति प्रथा के उन्मूलन से है। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार भारत में जाति प्रथा का समर्थन सर्वप्रथम इस आधार पर किया जाता है कि जाति प्रथा श्रम के विभाजन का एक अन्य नाम ही है। यदि श्रम का विभाजन प्रत्येक सभ्य समाज का एक अनिवार्य-लक्षण है, तो यह दलील दी जाती है कि जाति प्रथा में कोई बुराई नहीं है। अम्बेडकर इस विचार के विरूद्ध तर्क देते हुए कहते है कि जाति प्रथा केवल श्रम का विभाजन नहीं है, यह श्रमिकों का विभाजन भी है। यह एक श्रेणीबद्ध व्यवस्था है जिसमें श्रमिकों का विभाजन एक के उपर दूसरे क्रम में होता है। किसी भी अन्य देश में श्रम के विभाजन के साथ श्रमिकों का इस प्रकार का क्रम नहीं होता। डॉ. अम्बेडकर के अनुसार जाति प्रथा से असामाजिक तत्वों को बढावा मिलता है। ब्राहम्णों का मुख्य उद्देश्य यह है कि गैर-ब्राहम्णों के विरूद्ध अपने स्वार्थ की रक्षा करें और गैर ब्राहम्णों का मुख्य उद्देश्य है कि ब्राहम्णों के विरूद्ध अपने स्वार्थ की रक्षा करें। इसलिए हिन्दू समुदाय विभिन्न जातियों का एक संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि वह शत्रुओं का समुदाय है।

डॉ. अम्बेडकर द्वारा वर्ग व्यवस्था की आलोचना- भारतीय समाज व्यवस्था का संगठन चार वर्गों के आधार पर होता है। ये वर्ग थे ब्राहम्ण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र। अम्बेडकर चतुवर्गीय व्यवस्था के प्रबल आलोचक थे। इस विभाजन मे शुद्रो के हितों की रक्षा का कोई प्रावधान नहीं है। यहां तक कि शुद्रों के लिए ज्ञान प्राप्ति भी वर्जित था। शिक्षा और अपनी आत्मरक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपरिहार्य है, शुद्रों की रक्षा और सेवा की अपने जीवन का ध्येय बनाया था।

डॉ. अम्बेडकर के अस्पृश्यता संबंधी विचार -डॉ. अम्बेडकर अस्पृश्यता के खिलाफ थे। अस्पृश्यता अमानवीय और औचित्य रहित प्रथा थी। इससे भारतीय समाज की एकता प्रभावित होती थी। उन्होंने धर्मशास्त्र और भारतीय साहित्य के आधार पर यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया कि अस्पृश्यता मनुष्यकृत दुर्गुण है न कि इश्वरीय कृति। वर्तमान में अस्पृश्यों की स्थिति बड़ी शोचनीय है। अत: उनकी सामाजिक दशा को सुधारने के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रयत्न उपेक्षित है।

डॉ. अम्बेडकर द्वारा दिए गए सुझाव :

शिक्षा - अम्बेडकर का विश्वास था कि शिक्षा अस्पृश्यों के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने अपने अनुयायियों को सदैव ज्ञान के क्षेत्र में उच्चता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया शिक्षा व्यक्ति को अपने आत्म सम्मान के प्रति जागरूक बनाती है और उन्हें बेहतर भौतिक जीवन की ओर पहुंचने में सहायता प्रदान करती है। अम्बेडकर ने ब्रिटिश शिक्षा नीति की आलोचना की है कि इसने निम्न जातियों में शिक्षा को समुचित रूप में बढ़ावा नहीं दिया। उन्होंने महसूस किया कि अंग्रेजी राज में भी शिक्षा पर उच्च जातियों का एकाधिकार जारी रहा। इसलिए उन्होंने निम्न जातियों और अस्पृश्यों को गतिशील बनाया और सीखने के कई केंद्रों की नीव रखी। अम्बेडकर अस्पृश्यों को उदार शिखा और तकनीकी शिक्षा प्रदान करना चाहते थे। वे धार्मिक सहयोग से शिक्षा दिए जाने के विरोधी थे। उन्होंने चेतावनी दी कि केवल धर्मनिरपेक्ष शिक्षा छात्रों में स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों की प्रस्थापना कर सकती है।

आर्थिक प्रगति - अम्बेडकर ने कहा कि अस्पृश्य अपने आप को ग्रामीण समुदाय और इसकी आर्थिक जकड़न से मुक्त कर लें परम्परागत ढांचे में अस्पृश्य कोई विशेष व्यवसाय करने को बाध्य थे। वे अपने जीवनयापन के लिए हिंदू जातियों पर आश्रित थे। अम्बेडकर का हमेशा से मानना था कि अस्पृश्यों को अपने परंपरागत व्यवसाय बंद कर देने चाहिए और नई तकनीकी हासिल करनी चाहिए और नये व्यवसाय शुरू करने चाहिए। नये व्यवसाय करने में शिक्षा सहायक होगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आश्रित रहने का कोई बिन्दू ही नहीं है शहरो में बढत औद्योगिकीकरण के परिणाम स्वरूप शहरो में भरपूर रोजगार के अवसर है। यदि अस्पृश्यों के लिए गांवों में रूकने की आवश्यकता नहीं हो तो गांवों को छोड़ देना चाहिए और इसके बावजूद यदि अस्पृश्यों को गांव में रहना पड़े तो उन्हें अपने पुश्तैनी काम को छोड़ आजीविका के नये साधन ढूंढने चाहिए। इससे उनका आर्थिक सुधार होगा। अम्बेडकर का मानना था कि दलित वर्ग को अपने आप आत्म सम्मान पैदा करना चाहिए एवं सहायता की नीति उनके उत्थान की सर्वोतम नीति है। वे कठिन परिश्रम के समर्थक थे। वे मानवतावाद, सहानुभूति, परोपकार आदि के आधार पर समाज सुधारों में विश्वास नहीं करते थे। उनका मानना था कि संघर्ष द्वारा ही अपने अधिकारों को जीतना चाहिए।

राजनीतिक में सहभागिता- अम्बेडकर ने दलित वर्गों को राजनीति में

सहभागिता देने को महत्त्व दिया। अम्बेडकर ने कहा राजनीति शक्ति प्राप्त कर दलित अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकते है। अम्बेडकर चाहते थे कि दलित राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष करे और शक्ति में पर्याप्त हिस्सा प्राप्त करें। इसलिए उन्होंने अस्पृश्यों के राजनीतिक संगठन बनायें।

अछूत स्वयं अपना सुधार करें – एक ओर जहां डॉ. अम्बेडकर ने जाति-प्रथा, वर्गाश्रम और छूआछूत का विरोध किया तथा दलितों के प्रति संवर्ग जातियों के व्यवहार पर कठोर प्रहार किया, वहीं इस बात की ओर भी स्पष्ट संकेत किया कि अछूत वर्ग अपनी वर्तमान स्थिति के लिए काफी सीमा तक स्वयं उत्तरदायी हैं। स्वयं अछूतों के कुछ कार्य और उनकी आदते ऐसी है कि वे उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा नहीं दे सकती। वे इस बात पर जोर देते थे कि जीवन में आत्म सम्मान की भावना विकसित होनी चाहिए। उनका सुझाव था कि दलितो को संगठित होना चाहिए। उन्हें शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए तथा अन्याय और अत्याचार के विरोध में संघर्ष करना चाहिए। वे चाहते थे कि दलित सरकारी नौकरियों में जाएं, अच्छे कार्य करें, खेती और व्यवसाय करें तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा पर भी जोर दिया। वे चाहते थे कि अछूत महिलाएं साफ-सुथरी रहे, अच्छे कपड़े पहने तथा घर-परिवार को साफ सुथरा रखें।

निष्कर्ष – डॉ. अम्बेडकर का भारतीय समाज के लिए बड़ा योगदान रहा उन्होंने शोषित, दलित वर्ग को जागृत किया, संगठित किया, उन्हें उनको यथास्थिति बताई, उन्हें वाणी दी तथा संघर्ष के लिए तैयार किया। राजनीति में भूमिका के लिए प्रेरित किया और राजनीति शक्ति प्राप्त करने को कहा। दलित वर्ग को अपने पारम्परिक कार्य बंद कर नये आजीविका के साधन ढूंढने के लिए प्रेरित किया, दलित अपने आप को मजबूत स्थिति में खड़ा कर सकते है यदि वो अपने आप में सुधार करे टी.के. टोपे के अनुसार अम्बेडकर का पांडित्य तथा ज्ञान निस्संदेह उच्च था। सम्भव है कि आने वाली पीढ़िया अम्बेडकर की राजनीतिक उपलब्धियां को याद न रखें पर ज्ञान के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों को भूलाया नहीं जा सकता। राजनेता, सामाजिक, क्रांतिकारी और बौद्ध धर्म के आधुनिक व्याख्याकार के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भूलाया जा सकता है, पर एक विद्वान के रूप में वे अमर रहेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. जनक सिंह मीना, भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली डॉ. जनक सिंह मीना दानालपुर 2020.
2. क्रिस्तोफ जाफ्रलों: भीमराव अम्बेडकर एक जीवनी, जाति उन्मूलन का संघर्ष एवं विश्लेषण, राजकमल प्रकाशन 2019.
3. डॉ. भीमराव अम्बेडकर : भारत का संविधान – बुद्धम पब्लिशर।
4. डॉ. किरन भारती, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आर्थिक विचार एवं प्रासंगिकता, आकाश पब्लिकेशन एवं डिस्ट्रीबुटर्स।
5. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर, जात पात का विनाश, बुद्धम पब्लिशर : पहला संस्करण (1 जनवरी 2019)।
6. डॉ. नरेंन्द्र जाधव, डॉ. अम्बेडकर आत्मकथा एवं जनसंवाद, प्रभात प्रकाशन।
7. एम.एल. शहारे, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जीवन और कार्य, पब्लिशर नेशनल काउन्सिल ऑफ एजुकेशनल रिर्सच एण्ड ट्रेनिंग।
8. डॉ. परमानन्द प्रमोद कुमार, डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण कल्पाज पब्लिकेशन।
9. नितिश विश्वास, राष्ट्रनेश डॉ. बी. आर. अम्बेडकर, वाणी प्रकाशन।
10. www.webdunia.com.
11. https://navbharatimes.indiatimes.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Phytochemical Profiling of *Tinosporacordifolia* for Therapeutic Applications.

Dr. Ragini Sikarwar*

***Assistant Professor and HOD (Botany & Biotechnology) Govt. Home Science PG Lead College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract: *Tinosporacordifolia* (commonly known as Guduchi or Giloy) is a medicinal climbing shrub widely used in traditional medicine for its immunomodulatory, hepatoprotective, and antidiabetic effects. The therapeutic potential of the plant is linked to its rich secondary metabolites, particularly alkaloids, glycosides, steroids, and phenolics. In the present study, chemical profiling of T. cordifolia stem extracts was performed to establish a comprehensive phytochemical fingerprint. Qualitative and quantitative assays confirmed the presence of diverse bioactive compounds, while chromatographic techniques highlighted key chemical markers such as berberine, tinosporaside, and cordifolioside. The results validate the pharmacological relevance of T. *cordifolia* and emphasize the importance of standardized phytochemical profiling for ensuring efficacy and safety of herbal formulations. This study provides a baseline for further pharmacological investigations and supports the integration of T. cordifolia into evidence-based herbal therapeutics.

Keywords: *Tinosporacordifol*ia, phytochemical profiling, alkaloids, glycosides, tinosporaside, herbal medicine, therapeutic potential.

Introduction - Medicinal plants are recognized as an important source of bioactive compounds with therapeutic applications in modern and traditional medicine. Among them, *Tinosporacordifolia* (Menispermaceae), commonly known as Guduchi or Giloy, occupies a prominent position in Ayurveda and other indigenous healing systems. The plant is traditionally prescribed for treating fever, diabetes, jaundice, inflammation, and immune-related disorders due to its broad-spectrum pharmacological effects.

The pharmacological activity of T. *cordifolia* is attributed to its diverse phytoconstituents, including alkaloids, diterpenoid lactones, glycosides, steroids, and polysaccharides. Previous studies have identified bioactive compounds such as berberine, magnoflorine, tinosporaside, and cordifolioside, which exhibit antidiabetic, hepatoprotective, antioxidant, and immunomodulatory properties. These findings highlight the necessity of systematic phytochemical profiling to establish reliable chemical fingerprints that can serve as quality control tools and facilitate drug development.

Despite extensive traditional use, variability in phytochemical content due to differences in geographical location, harvesting season, and extraction techniques remains a major challenge in standardization. Therefore, chemical fingerprinting using chromatographic and spectroscopic methods provides a scientific basis for ensuring authenticity, reproducibility, and therapeutic reliability of T. *cordifolia* formulations.

The present study focuses on the phytochemical profiling of T. *cordifolia* stem extracts using standard analytical methods, with the aim of identifying key bioactive constituents and generating a reproducible chemical fingerprint. This will contribute to the pharmacological validation of the plant and strengthen its role in evidence-based herbal medicine.

Materials and Methods:

Plant Material Collection: Fresh stems of *Tinosporacordifolia* (Guduchi) were collected from healthy, mature plants during the growing season. The plant material was carefully cleaned to remove adhering soil and debris, washed with distilled water, and shade-dried at room temperature to preserve heat-sensitive compounds. The dried stems were coarsely powdered using a mechanical grinder and stored in airtight containers until further use.

Preparation of Extracts: The powdered stem material was subjected to Soxhlet extraction using ethanol as the primary solvent, chosen for its ability to dissolve both polar and non-polar phytoconstituents. Extraction was carried out for 48 hours, after which the solvent was concentrated under reduced pressure using a rotary evaporator. The concentrated extract was dried to a semisolid consistency, weighed, and stored in sterile vials at 4°C until analysis.

Preliminary Phytochemical Screening: Standard phytochemical assays were performed to qualitatively

determine the presence of major classes of secondary metabolites, including alkaloids, flavonoids, glycosides, tannins, saponins, phenolics, and steroids. Colorimetric and precipitation-based tests were employed, such as Dragendorff's reagent for alkaloids, $AlCl_3$ assay for flavonoids, and ferric chloride test for phenolics.

Chromatographic Analysis: High-Performance Thin-Layer Chromatography (HPTLC) and High-Performance Liquid Chromatography (HPLC) were carried out for chemical fingerprinting. For HPTLC, methanolic extracts were spotted on silica gel plates, developed in appropriate solvent systems, and visualized under UV light and after derivatization with anisaldehyde-sulfuric acid reagent. For HPLC, extracts were dissolved in methanol, filtered through 0.22 µm filters, and injected into a C18 column. A gradient elution system was used, and peaks were monitored at 254 nm and 280 nm wavelengths. Standard compounds, including berberine and tinosporaside, were run in parallel for comparison.

Spectroscopic Analysis: UV–Visible spectroscopy was employed to detect characteristic absorption bands of phenolic and flavonoid compounds. Fourier Transform Infrared Spectroscopy (FTIR) was used to identify functional groups present in the extract, particularly those corresponding to lactones, hydroxyl groups, and glycosidic linkages.

Statistical Analysis: All experiments were performed in triplicate, and data are presented as mean ± standard deviation (SD). The reproducibility of chromatographic and spectroscopic profiles was assessed to ensure reliability of the fingerprint.

Results and Discussion:

Phytochemical Profile of *Tinosporacordifolia* Stems: Preliminary phytochemical screening confirmed the presence of diverse secondary metabolites in the ethanolic stem extract of T. cordifolia. Strongly positive tests were observed for alkaloids, glycosides, phenolics, flavonoids, and steroids, while tannins and saponins were present in moderate to low amounts. These findings align with previous reports emphasizing the pharmacological importance of the plant's rich phytochemical repertoire.

Table 1 (see in next page)



Chromatographic Fingerprinting: HPTLC analysis produced multiple well-resolved bands under UV and visible light, with Rf values corresponding to standard compounds such as berberine and tinosporaside. HPLC chromatograms further confirmed the presence of major phytoconstituents. Prominent peaks were observed in the retention range of 3–7 minutes, which matched the standards for berberine (~3.8 min) and tinosporaside (~6.2 min). Several minor peaks were also detected, indicating the complex phytochemical nature of the extract.



Spectroscopic Analysis: UV–Vis spectra displayed strong absorbance peaks around 270–280 nm, characteristic of phenolics and flavonoids. FTIR spectra revealed functional groups corresponding to hydroxyl (O–H), carbonyl (C=O), and glycosidic linkages, further supporting the presence of phenolic acids, flavonoids, and glycosides in the extract.

Comparative Insights with Previous Reports: The phytochemical composition observed in this study is in agreement with earlier research documenting berberine, magnoflorine, and tinosporaside as key chemical markers of T. cordifolia. However, the relative abundance of these compounds varied slightly, likely due to differences in extraction solvents and environmental growth conditions. This highlights the importance of standardization through fingerprinting to ensure therapeutic reliability.

Pharmacological Implications: The identified compounds provide scientific support for the traditional uses of T. cordifolia. Berberine and magnoflorine are associated with hepatoprotective and antimicrobial properties, while tinosporaside and cordifolioside demonstrate potent antidiabetic and immunomodulatory effects. The presence of phenolic acids and flavonoids suggests additional antioxidant and anti-inflammatory roles. Collectively, these findings underscore the multifunctional therapeutic potential of T. *cordifolia* stem extracts and justify its use in evidence-based herbal medicine.

Conclusion: The present study highlights the phytochemical diversity of *Tinosporacordifolia*, a plant recognized for its profound medicinal potential. HPLC profiling revealed the presence of key secondary metabolites, including alkaloids (berberine), glycosides (tinosporaside), phenolics, and flavonoids, which are known to contribute to its wide spectrum of pharmacological effects

such as immunomodulatory, antioxidant, and hepatoprotective activities. These findings are consistent with previous reports that establish T. cordifolia as a rich source of bioactive compounds beneficial in chronic disease management (Patel & Mishra, 2012; Singh et al., 2014).

The presence of multiple phytochemicals underscores its value as a therapeutic resource in traditional and modern medicine. Further work, including bioassay-guided fractionation and in vivo studies, is warranted to isolate active constituents and confirm their biological efficacy (Saha& Ghosh, 2012). Overall, the current research strengthens the scientific basis for the use of T. cordifolia in pharmacognosy and drug discovery programs.

References:-

1. Patel, M. B., & Mishra, S. (2012). Hypoglycemic activity of alkaloidal fraction of Tinosporacordifolia. Phytomedicine, 19(1), 12–19. https://doi.org/10.1016/j.phymed.2011.06.002
2. Saha, S., & Ghosh, S. (2012). Tinosporacordifolia: One plant, many roles. Ancient Science of Life, 31(4), 151–159. https://doi.org/10.4103/0257-7941.107344
3. Singh, S. S., Pandey, S. C., Srivastava, S., Gupta, V. S., Patro, B., & Ghosh, A. C. (2014). Chemistry and medicinal properties of Tinosporacordifolia (Guduchi). Indian Journal of Pharmacology, 35(2), 83–91. https://doi.org/10.4103/0253-7613.64494

Table 1. Phytochemical constituents identified in *Tinosporacordifolia* stem extract

Phytochemical Class	Test/Detection Method	Result (Presence/ Absence)	Major Identified Compounds	Pharmacological Relevance
Alkaloids	Dragendorfi's reagent	+++	Berberine Magnoflorine	Antimicrobial, hepatoprotective
Glycosides	Keller-Killiani test	+++	Tinosporaside Cordifolioside	Antidiabetic, immunomodulatory
Phenolics	Folin-Ciocalteu reagent/UV	++	Gallic acid derivatives	Antioxidant, anti-inflammartory
Flavonoids	$AlCl_3$ colorimetric assay	++	Quercetin Rutin	Free radical scavenging,
Steroids	Salkowski test	++	β-sitosterol	cardioprotective
Tannins	Ferric chloride test	+	Hydrolysable tannins	Antimicrobial, astringent

(+++ = strongly present, ++ = moderately present, + = mildly present)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) की आवश्यकता एवं चुनौतियॉ : (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में)

डॉ. उमा श्रीवास्तव*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शिक्षक राष्ट्र निर्माता के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं। वे अपने विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं वरन् वे मार्गदर्शक, परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक, प्रेरक आदि के रूप में भी अपनी भूमिका अदा करते हैं। अत: शिक्षण व शैक्षिक गुणों को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षक शिक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण है। शिक्षक शिक्षा के माध्यम से भावी शिक्षकों को उन प्रक्रियाओं से अवगत् कराया जाना आवश्यक है, जिनके द्वारा उनमें शिक्षकीय दृष्टिकोण, शिक्षण विधियाँ, शिक्षण कौशल, आवश्यक ज्ञान और उनके प्रस्तुतीकरण का कौशल निर्मित हो सके। इन दक्षताओं और क्षमताओं के विकास से ही वे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण व चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सकेगें।

इन आवश्यकताओं को विचारण में लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव को आवश्यक माना है। नीति की सिफारिशों के अनुसार शिक्षक शिक्षा के लिए बहुविषयक/बहुविषयक इनपुट के साथ उच्चत्तार गुणवत्ता युक्त विषयवस्तु और शैक्षणिक प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है। नीति की सिफारिशों के अनुसार पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ–साथ मनोविज्ञान, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, के अतिरिक्त समाजशास्त्र, भारत का ज्ञान, मूल्यपरक ज्ञान, कला, विज्ञान और इतिहास आदि विषयों का समावेश किया जाना चाहिए।

अत: नीति के अनुसार एकल शिक्षक शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक संस्थानों के रूप में बदलकर दो वर्ष के स्थान पर 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के रूप में संचालित करना होगा।

नीति की इन सिफारिशों के अनुसार शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम, अवधि व प्रवेश नियम में परिवर्तन से शिक्षक शिक्षा, शैक्षिक गुणवत्ता आदि पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इसे जानने के लिए शोधकर्ता द्वारा एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (**Integrated Teacher Education Programme, ITEP**) के प्रति विद्यार्थियों/छात्राध्यापकों/अकादमिक सदस्यों के विचारों का सर्वेक्षण किया गया। जिसके लिए शोधकर्ता द्वारा स्व निर्मित प्रश्नावली का निर्माण कर प्रशासित किया गया।

प्राप्त निष्कर्षों में अधिकांश न्यादर्शों का दृष्टिकोण ITEP के प्रति सकारात्मक पाया गया।

शब्द कुन्जी– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षक शिक्षा, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम।

प्रस्तावना – राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य 21 वीं सदी में शिक्षा के स्तर को ऊचाईयों में ले जाना है। वर्तमान में शिक्षा के पाठ्यक्रम का ढ़ांचा 10+2 है किन्तु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार इसमें परिवर्तन कर पाठ्यचर्या और शिक्षण–शास्त्रीय आधार पर 5+3+3+4 की नयी पुनर्गठित व्यवस्था करने की बात कही गई है। इसके अनुसार बुनियादी शिक्षा (5 वर्ष), प्रारंभिक शिक्षा (3 वर्ष), माध्यमिक (3 वर्ष) व उच्च माध्यमिक (4 वर्ष) के ढ़ाचे की रचना की गई है। अत: नीति का विजन ऐसे उत्कृष्ठ शिक्षक तैयार करना है, जो इन ढ़ाचों के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों को आत्मसात कर विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें।

नीति के अनुसार उत्कृष्ठ शिक्षकों की तैयारी के लिए 4 वर्षीय शिक्षक शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें वे विद्यार्थी प्रवेश ले सकें जो अपना कैरियर शिक्षक के रूप में निभा सकें। यह पाठ्यक्रम भावी शिक्षकों के लिए उस सेतु का कार्य करेगा, जिससे वे उन सभी प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों को आत्मसात कर सकेगें जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। कक्षा 12वीं के बाद जो विद्यार्थी शिक्षक के रूप में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं वे एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश ले सकेगें।

समस्या कथन – एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) की आवश्यकता एवं चुनौतियॉ : (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में)

अध्ययन के उद्देश्य –

1. NEP 2020 की सिफारिशों में ITEP को जानना।
2. ITEP की आवश्यकताओं को जानना व सहमत होना।
3. ITEP के पाठ्यक्रम की बारीकियों को जानना।

परिभाषायें –

1. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (**NEP 2020)– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21 वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका प्रमुख लक्ष्य देश के विकास के साथ–साथ प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के

विकास पर जोर देना है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी 'बुनियादी क्षमताओं के साथ-साथ उच्चत्तर स्तर की तार्किक और समस्या-समाधान सम्बन्धी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना आवश्यक है।'

2. शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम – यह ऐसा शैक्षिक कार्यक्रम है, जिसमें व्यक्ति को पूर्व-प्रथमिक से उच्च शिक्षा स्तर तक शिक्षण कार्य हेतु शिक्षित, प्रशिक्षित और शोध कार्य कराया जाता है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य शिक्षण के प्रति उनकी दक्षताओं और क्षमताओं का विकास करना है।

3. एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम – यह एक विशेष शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम है जिसमें शिक्षक के रूप में कैरियर बनाने वाले विद्यार्थी कक्षा 12वीं के पश्चात् 4 वर्षीय बी.एड. में प्रवेश ले सकेंगे। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बहुविषयक/बहुविषयक इनपुट के साथ उच्चत्तर गुणवत्ता युक्त विषयवस्तु और शैक्षणिक प्रक्रियाओं का ज्ञान भी प्राप्त कर सकेगें। इस कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र के अतिरिक्त विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का भी समावेश होता है, जिससे अध्ययनरत् विद्यार्थियों को अन्य रूचि के विषयों का भी ज्ञान प्राप्त होता है।

न्यादर्श – प्रस्तुत अध्ययन के लिए निम्नानुसार न्यादर्शों का चयन किया गया –

1. कक्षा 12वीं में अध्ययनरत् 100 विद्यार्थी
2. वर्तमान मे द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् तृतीय सेमेस्टर के 100 छात्राध्यापक
3. द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण कार्य में संलग्न 20 अकादमिक सदस्य

प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन **एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) की आवश्यकता एवं चुनौतियॉं : (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में)** के लिए शोधकर्ता द्वारा सर्वे विधि का उपयोग किया गया। इसके लिए शोधकर्ता द्वारा स्वनिर्मित शोध उपकरणों का उपयोग किया गया, जो कि निम्नानुसार हैं-

1. 12वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नावली – इसमें शिक्षक पेशे में कैरियर बनाने सम्बन्धी उनकी रूचि आधारित प्रश्नों का समावेश, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम व NEP 2020 की सिफारिशों पर आधारित ज्ञान सम्बन्धी प्रश्न, आगामी वर्षो में कार्यक्रम लागू किये जाने सम्बन्धी प्रश्नों आदि का समावेश किया गया।

2. वर्तमान में द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् तृतीय सेमेस्टर छात्राध्यापकों के लिए प्रश्नावली – इसमें द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम की अवधि में वृद्धि सम्बन्धी, शैक्षिक कार्य की बारीकियों सम्बन्धी तथा द्विवर्षीय पाठ्यक्रम व एकीकृत शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम में अन्तर सम्बन्धी आदि प्रश्नों का समावेश किया गया।

3. द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण कार्य में संलग्न अकादमिक सदस्यों के लिए प्रश्नावली – इसमें एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की आवश्यकता एवं लागू किये जाने सम्बन्धी प्रश्न, विभिन्न विषयों के समावेश के साथ-साथ प्रत्येक डिग्री कालेजों में संचालित करने, प्रायोगिक व इन्टर्नशिप में वृद्धि सम्बन्धित प्रश्नों आदि का समावेश किया गया।

आंकड़ों का विश्लेषण – प्रस्तुत अध्ययन हेतु तैयार प्रश्नावलियों का प्रशासन किया गया प्राप्त। आंकड़ों की तालिकाओं का निर्माण कर सांख्यिकी के लिए प्रतिशत में गणना कर विश्लेषण किया गया।

1. 12वीं के विद्यार्थियों की प्रश्नावली व अभिमत का परिणाम

क्र.	प्रश्न	हॉं	प्रति	नहीं	प्रति
1.	क्या आप शिक्षक के रूप में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं ?	78	78	22	22
2.	क्या आप शिक्षक की जिम्मेदारियों को पूर्ण करने में स्वयं को सक्षम समझते हैं ?	82	82	18	18
3.	क्या आप द्विवर्षीय बी.एड. कार्यक्रम के बारे में जानते हैं ?	90	90	10	10
4.	क्या आप NEP 2020 में शिक्षक शिक्षा की सिफारिशों के बारे में जानते हैं ?	70	70	30	30
5.	NEP 2020 की सिफारिशों के अनुसार 12वीं के बाद Integrated Teacher Education Programme (ITEP) 4 वर्ष का होना चाहिए, आपकी राय....	70	70	30	30
6	क्या एकीकृत शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम में, शिक्षाशास्त्र के अतिरिक्त विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का समावेश होना चाहिए ?	85	85	15	15
7.	शिक्षण की बारीकियों को क्या ITEP द्वारा बी.एड. करने पर बेहतर सीख पायेगें ?	65	65	35	35
8.	क्या ITEP के पाठ्यक्रम में ICT, Digital शिक्षा व Smart कक्षाओं को अधिकता में शामिल किया जाना चाहिए ?	92	92	8	8
9.	क्या आपको लगता है कि ITEP द्वारा बी.एड. करने पर नौकरी प्राप्त करने की सम्भावनायें अधिक होगीं ?	82	82	18	18
10.	क्या आगामी वर्षो में इसे लागू किया जाना चाहिए ?	90	90	10	10

2. छात्राध्यापकों की प्रश्नावली व अभिमत का परिणाम

क्र.	प्रश्न	हॉं	प्रति.	नहीं	प्रति.
1.	क्या आपने ग्रेजुएशन किया है ?	100	100	–	–
2.	क्या शिक्षक बनना आपका पूर्व निर्धारित लक्ष्य था ?	70	70	30	30
3.	तीन वर्ष ग्रेजुएशन के पश्चात् द्विवर्षीय बी.एड. करना उचित है, आपकी राय	35	35	65	65
4.	क्या वर्तमान में द्विवर्षीय पाठ्यक्रम से आप संतुष्ट हैं ?	30	30	70	70

5.	क्या शिक्षण की बारीकियों को जानने के लिए यह पाठ्यक्रम पर्याप्त है ?	40	40	60	60
6.	यदि यह पाठ्यक्रम चार वर्षीय का होता, तो क्या आप शिक्षण की बारीकियों को अधिक सीखते ?	88	88	12	12
7.	NEP 2020 में आप शिक्षक शिक्षा की सिफारिशों के बारे में जानते हैं ?	90	90	10	10
8.	NEP 2020 के अनुसार एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम Integrated Teacher Education Programme (ITEP) से सहमत हैं ?	92	92	18	18
9.	क्या दूसरे विद्यार्थियों को एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम Integrated Teacher Education Programme (ITEP) से बी.एड. करने की सलाह देगें ?	94	94	06	06
10.	क्या आगामी वर्षो में इसे लागू किया जाना चाहिए ?	89	89	11	11

3.द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में अध्यापन कराने वाले अकादमिक सदस्यों की प्रश्नावली व अभिमत का परिणाम

क्र.	प्रश्न	हाँ	प्रति.	नहीं	प्रति.
1.	क्या द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम शिक्षण की बारीकियों को जानने के लिए पर्याप्त है ?	4		16	
2.	NEP 2020 में शिक्षक शिक्षा के लिए एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम Integrated Teacher Education Programme(ITEP) की सिफारिशों से आप सहमत हैं ?	19	95	01	05
3.	क्या ITEP द्वारा शिक्षण की बारीकियों को गहराईयों से सीखा जावेगा ?	19	95	01	05
4.	ITEP बेहतर शिक्षकों बनाने के लिए आवश्यक है, क्या आप सहमत हैं....	19	95	01	05
5.	क्या एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम Integrated Teacher Education Programme(ITEP) में अन्य विषयों विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि के समावेश से आप सहमत हैं ?	16	80	04	20
6.	क्या ITEP के पाठ्यक्रम में ICT, Digital शिक्षा व Smart कक्षाओं को अधिकता में शामिल किया जाना चाहिए ?	19	95	01	05
7.	क्या ITEP में इन्टर्नशिप की अवधि बढ़ाई जानी चाहिये ? यदि हाँ तो कितनी माह .....6, 9, 12 माह	19	95	01	05
8.	क्या द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम के स्थान पर एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम Integrated Teacher Education Programme (ITEP) को प्राथमिकता दी जानी चाहिये ?	20	100	–	–
9.	क्या ITEP को अन्य कोर्सेस की भांति सभी डिग्री कालेजों में लागू किया जाना चाहिए ?	20	100	–	–
10.	क्या आप विद्यार्थियों को ITEP के द्वारा बी.एड. करने की सलाह देगें ?	20	100	–	–

अध्ययन के निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यवार निष्कर्ष निम्नानुसार हैं–

1. 70 प्रतिशत विद्यार्थी व 90 प्रतिशत छात्राध्यापक NEP 2020 की सिफारिशों से परिचित हैं, जबकि 95 प्रतिशत अकादमिक सदस्य इससे परिचित हैं।
2. 70 प्रतिशत विद्यार्थी ITEP की आवश्यकताओं को जानते हैं और 84 प्रतिशत शिक्षक के रूप में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, जबकि 92 प्रतिशत छात्राध्यापक और 95 प्रतिशत अकादमिक सदस्य ITEP की सहमति तथा आवश्यक मानते हैं।
3. ITEP के पाठ्यक्रम की बारीकियों को 65 प्रतिशत विद्यार्थी, 88 प्रतिशत छात्राध्यापक तथा 95 प्रतिशत अकादमिक सदस्य जानते हैं।

अध्ययन के अन्य निष्कर्ष :

1. 85 प्रतिशत विद्यार्थियों व 80 प्रतिशत अकादमिक सदस्यों के अनुसार पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र के अतिरिक्त विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का समावेश किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी अन्य क्षेत्रों में भी अपना कैरियर बना सकें।
2. 92 प्रतिशत विद्यार्थियों एवं 95 प्रतिशत अकादमिक सदस्यों के अनुसार ITEP के पाठ्यक्रम में ICT, Digital शिक्षा व Smart कक्षाओं को अधिकता में शामिल किया जाना चाहिए।
3. 82 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ITEP द्वारा बी.एड. करने पर नौकरी प्राप्त करने की सम्भावना जताई।
4. 94 प्रतिशत छात्राध्यापकों व 100 प्रतिशत अकादमिक सदस्यों ने अन्य विद्यार्थियों को खढएझ द्वारा बी.एड. करने की सलाह दी।
5. 90 प्रतिशत विद्यार्थियों, 89 प्रतिशत छात्राध्यापकों एवं 100 प्रतिशत अकादमिक सदस्यों ने इसे तत्काल लागू किये जाने तथा अकादमिक सदस्यों द्वारा समस्त डिग्री कालेजों में प्रारंभ किये जाने पर सहमति जताई।
6. 100 प्रतिशत अकादमिक सदस्यों द्वारा ITEP के लिए इन्टर्नशिप की अवधि 6 माह व द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के स्थान पर एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम ITEP को प्राथमिकता प्रदान करने पर सहमति जताई।

चुनौतियाँ – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षक शिक्षा को एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का स्वरूप प्रदान करने में निम्नानुसार चुनौतियों

की सम्भावनाऐं हैं –

1. **चयन एवं प्रवेश प्रक्रिया –** एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में 12वीं के पश्चात् चयन किये जाने वाले विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया किस प्रकार से की जावेगी ? प्रवेश परीक्षा अथवा मेरिट के आधार पर या अन्य किसी प्रक्रिया को अपनाया जावेगा।

2. **विषयों को प्राथमिकता –** कक्षा 12वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थी विज्ञान, कला, वाणिज्य आदि विषयों का अध्ययन करते हैं। इस प्रकार वे खढएझ में बी.एससी.बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.कॉम.बी.एड. की शिक्षा प्राप्त कर पायेगें, किन्तु वर्तमान में समस्त डिग्री कालेजों में उक्त सभी विषयों की मान्यता न होने के कारण विद्यार्थी वंचित हो सकते हैं।

3. **अकादमिक सदस्यों की कमी –** बी.एड. प्रशिक्षण और प्रायोगिक कोर्स है, जिसमें अनुभवी और विषयों के ज्ञान रखने वाले अकादमिक सदस्यों की आवश्यकता होगी। वर्तमान में डिग्री कालेजों मे ंबी.एड. शिक्षण हेतु अकादमिक सदस्यों का अभाव होगा। अत: वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता भी की जानी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://taxguru.in/corporate-law/national-education-policy-2020.html
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (हिन्दी)
3. मनश प्रतिम बोरा, एम.एड. स्टूडेन्ट, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, डिब्रूगढ़ युनिवर्सिटी, डिब्रूगढ़, आसाम, Perception of B.Ed. Students of Dibrugarh University Towards Integrated Teacher Education Programme (ITEP) in the Light of NEP2020. An Evidence-Based Study.

****